● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 252, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 27 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





चिकित्सक मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करें : राष्ट्रपति 5

भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा 6

# पर्यटन संवर्धन से जनजातियों को मिलेगा रोजगार: डा. यादव

## अब जनजातियों के पारपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लेंगे पर्यटक,ट्राईबल कैफेटेरिया किये जायेंगे स्थापित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने और स्थानीय जनजातीय समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ट्राईबल कैफेटेरिया स्थापित कर रही है। प्रदेश के सिवनी जिले में पेंच नेशनल पार्क के समीप टूरिया गाँव में, बालाघाट जिले में कान्हा नेशनल पार्क के पास और धार जिले में मांडू में ट्राईबल कैफेटेरिया निर्माणाधीन हैं। इन कैफेटेरिया के जरिये पर्यटकों को क्षेत्रीय जनजातीय संस्कृति, खान-पान, व्यंजन और शिल्पकारी से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय जनजातीय समुदायों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इससे जनजातीय समुदाय की कला व संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। कैफेटेरिया में स्थानीय जनजातीय व्यंजन, हस्तशिल्प और पारंपरिक सजावट उपलब्ध होगी, जिससे पर्यटक एक अनोखे सांस्कृतिक एवं पारिवारिक अनुभव का आनंद ले सकेंगे। इन कैफेटेरिया की स्थापना से स्थानीय जनजातीय समुदायों को रोजगार मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। निश्चित ही पर्यटन उद्योग में भी नए अवसरों का सृजन होगा।

जनजातीय कार्य विभाग के अधीन वन्या संस्थान द्वारा इसके लिये विधिवत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। शासन से 5 ट्रॉईबल कैफेटेरिया की मंजूरी मिल गई है। ये ट्राईबल कैफेटेरिया म.प्र. पर्यटन विकास निगम (एमपीटी) द्वारा संचालित किये जायेंगे। इसके लिये जनजातीय वर्ग के स्व-सहायता समूहों को जोड़ा जायेगा। ये समूह क्षेत्रीय जनजातियों के पारम्परिक व्यंजन तैयार कर इस कैफेटेरिया के माध्यम से विक्रय करेंगे। ट्रॉईबल कैफेटेरिया में जनजातियों के पोषक आहार पेज, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा, मक्का-महुआ, चार-अचार आदि से बने व्यंजन, मिठाई, हलवा आदि तैयार कर पर्यटकों को बेचे जायेंगे। साथ ही जनजातियों की शिल्पकारी, चित्रकारी, खिलौने, बाँस से निर्मित उत्पाद आदि का विक्रय भी किया जायेगा। इससे जनजातीय समुदाय को आजीविका के नये साधन मुहैया होंगे और अतिरिक्त आय उपार्जन भी होगा।

पहले चरण में प्रदेश के 3 जिलों में ट्रॉईबल कैफेटेरिया की स्थापना के लिये स्थल (भूमि) का चयन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ट्रॉईबल कैफेटेरिया के लिये डिजाइन (नक्शा) भी पारित कर दिया गया है। दूसरे चरण में छतरपुर सहित एक अन्य जिले में भी ऐसे ही ट्रॉईबल कैफेटेरिया खोले जायेंगे।

संविधान के अनुच्छेद-275 के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्र प्रशासन के तहत विकास योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये शत-प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाती है।



# ईरान पर इजराइल का 100 मिसाइलों से हमला

तेहरान/तेल अवीव। इजराइल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के %इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भी हमला हुआ है। हमले स्थानीय समयानुसार देर रात 2¬15 बजे शुरू हुए और तड़के 5 बजे तक जारी रहे। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान पर हमला करने के लिए 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया। हमले में स्न-35 का भी इस्तेमाल किया गया। सीरिया में रडार ठिकानों पर इजराइल ने शुरूआती हमला किया। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया। हमले के बाद इजराइल, ईरान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने इजराइल का समर्थन किया है और कहा है कि यह ईरान के हमले का जवाब है। ईरान ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमले तेहरान, कुजेस्तान और इलाम राज्यों में हुए।

# भारत-चीन सीमा पर 2 वजहों से समझौता : जयशंकर

## पहला-हम अपनी बात पर अड़े रहे, सेना डटी रही; दूसरा- कूटनीति काम आई



**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। भारत-चीन के बीच एलओसी पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं।

पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही। सेना ने अपना काम किया और दूसरी तरफ कूटनीति ने अपना काम किया।

इसके अलावा पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है। मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है।

जयशंकर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी की मुलाकात हुई, तो यह डिसीजन लिया गया कि विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एक मसले को हल करने की कोशिश करेंगे और यह हुआ भी।

18 अक्टूबर देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी

2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

25 अक्टूबर भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। न्यूज एजेंसी ह्ल्ढ्ढ के मुताबिक पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक, 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी-अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

# जवाबी हमला होने पर आतंकियों ने हथियार-बैग छोड़ा : सेना



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में हुए आतंकी हमले को लेकर नए खुलासे हुए हैं। बारामूला के मोहम्मद जैद मलिक ने बताया कि हमले में 3-4 आतंकियों के शामिल होने के सबूत मिले हैं। आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार तीसरे दिन भी जारी है। उधर, आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा- सेना के वाहन पर गोलीबारी होने पर हमारे सैनिकों ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की थी, जिससे आतंकवादियों को हथियार और बैग छोड़कर पीछे हटना पड़ा। वे एक नाले का फायदा उठाकर घने जंगल में भाग गए। अंधेरा होने के कारण आतंकियों को भागने में सफलता मिली। दरअसल, स्घ्ष्ट के पास 24 अक्टूबर की देर रात सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 3 जवान शहीद हुए थे। साथ ही 2 पोर्टर वर्कर्स की भी मौत हुई थी। सेना ने कहा- घाटी में आतंक का राज ही आतंकियों की विचारधारा लेफ्टिनेंट कर्नल एमके सिंह ने कहा- भारतीय सेना राइफलमैन कैसर अहमद शाह और राइफलमैन जीवन सिंह की बहादुरी को सलाम करती है।दोनों ने गोली लगने के बावजूद आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया। दोनों शहीदों के साहस से और अधिक नुकसान नहीं हुआ।

# गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर: सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार को रामगढ़ ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को तराशने की। हमारे रोइंग खिलाड़ी ओलंपिक और अन्य वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग कर मेडल जीत सकते हैं।



रोइंग में प्रतिभाओं को तराशने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर खोलने के लिए रामगढ़ ताल के पास बने वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेस देगी। साथ ही सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में कई प्राकृतिक झीलें हैं, वहां भी रोइंग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। सीएम योगी ने एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अन्य रोइंग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों लक्ष्मण अवार्डी और देवरिया के युवा कल्याण अधिकारी पुनीत बालियान, लक्ष्मण अवॉर्डी कुदरत अली, बुलंदशहर निवासी अरविंद सिंह, सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद आजाद, हापुड़ निवासी लोकेश कुमार और संतकबीरनगर निवासी राजेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि रोइंग के इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के साथ अब शानदार करियर बनाने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाकर ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में सीधी नौकरी देने का शासनादेश जारी कर रखा है।

# फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी

**हैदराबाद।** गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया।इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया।

# यूएन बैठक में पाकिस्तान के कश्मीर राग अलापने पर भारत ने लगाई जमकर लताड़

**नई दिल्ली।** यूएनएससी में बदलते माहौल में शांति स्थापित कर रही महिलाएं विषय पर बहस के दौरान, संयुक्त में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने फोरम में जम्मू-कश्मीर को लाने की पाकिस्तान की कोशिश की आलोचना की। हरीश ने कहा, यह घृणित है, लेकिन पूरी तरह से अनुमान लगाने योग्य है कि एक प्रतिनिधिमंडल गलत सूचना और दुष्प्रचार फैलाने की अपनी आजमाई हुई रणनीति के आधार पर शरारती उकसावे में शामिल हो गया। इस महत्वपूर्ण वार्षिक बहस में इस तरह के राजनीतिक प्रचार में शामिल होना पूरी तरह से गलत है।



हरीश ने पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में की गई टिप्पणी के बाद अपनी बात रखी। उन्होंने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा, हम अच्छी तरह जानते हैं कि उस देश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेष रूप से हिंदू, सिख और ईसाई महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, इन अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित एक हजार महिलाओं को हर साल अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन विवाह का शिकार होना पड़ता है। मैं और भी बातें कह सकता हूं, लेकिन मैं यहीं समाप्त करता हूं। भारत ने बहस के आयोजन के लिए स्विट्जरलैंड का भी आभार व्यक्त किय।

# किसी की उम्र निर्धारित करने के लिए आधार कार्ड वैध दस्तावेज नहीं : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति की उम्र का निर्धारण आधार कार्ड पर लिखी जन्म तारीख से नहीं किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो देश की सर्वोच्च अदालत की नजर में किसी की उम्र निर्धारित करने के लिए आधार कार्ड वैध दस्तावेज नहीं है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की उम्र स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) में उल्लिखित जन्म तिथि से निर्धारित की जानी चाहिए। एक मृत व्यक्ति के परिवार को मुआवजा देने से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आया है।

यह मामला पंजाब तथा हरियाणा हाई कोर्ट होते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सड़क दुर्घटना के एक मामले में हाई कोर्ट ने आधार कार्ड पर लिखी जन्म तारीख को सही मानते हुए मुआवजे का आदेश दिया था। हाई कोर्ट के इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया और कहा कि जन्म तारीख का निर्धारण स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी) से होना चाहिए। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि मृतक की उम्र किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 94 के तहत स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म तिथि से निर्धारित होनी चाहिए। .दुर्घटना 2015 में हुई थी, जिसके लिए परिवार ने मुआवजे की मांग करते हुए मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) में आवेदन किया था। एमएसीटी ने स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट को आधार मानते हुए 19.35 लाख रुपए के मुआवजे का आदेश दिया था। रोहतक स्थित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के फैसले को बीमा कंपनी की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। हाई कोर्ट ने स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के आधार पर उम्र की गणना को खारिज किया और आधार पर लिखी उम्र के हिसाब से गणना करते हुए मुआवजे की राशि घटाकर 19.35 लाख से 9.22 लाख रुपए कर दी थी।




# राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी: प्रियंका

## वायनाड के लोगों से कहा- फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लोगों को ओपन लेटर लिखकर कहा- मैं राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी। उन्होंने ङ्ग पर शेयर किए गए लेटर में लिखा- जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी, लेकिन फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं होगी।

लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी।



इसके बाद कांग्रेस ने राहुल की बहन प्रियंका गांधी को टिकट दिया। प्रियंका पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ चूरामाला और मुंदक्कई गई थी। मैंने भूस्खलन से हुई तबाही और नुकसान को देखा। मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने परिवारवालों को खो दिया था। मैं उन माताओं से मिली, जो अपने बच्चों और परिवारों के लिए शोक मना रही थीं, जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था।

फिर भी, आप पर आई त्रासदी के अंधेरे के बीच, जो चीज मुझे दिखाई दी, वह थी एक समुदाय के रूप में आप लोगों का साहस और धैर्य। आप एक ऐसी ताकत के साथ एकजुट हुए, जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। डॉक्टर, जन प्रतिनिधि, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, नर्स, हाउस वाइफ, हर कोई एक-दूसरे की मदद करने के लिए जो कुछ भी संभव था, कर रहा था। कोई भी एक-दूसरे पर दोष नहीं मढ़ रहा था। गुस्से में कोई नहीं था। कोई भी लालच नहीं दिखा रहा था। इतनी बड़ी त्रासदी की लाचारी में भी आप लोग सहयोग कर रहे थे। एक-दूसरे को सांत्वना दे रहे थे और मानवता के उच्चतम मानकों तक बढ़ रहे थे। आपकी बहादुरी ने मुझे गहराई से छुआ।

जब मैं घर लौट रही थी, तब मुझे लगा कि संसद में आपका प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आपसे सीखना, आपके जीवन और आपके सामने आने वाली चुनौतियों को समझना और इस साहसी समुदाय का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आप लोग एक-दूसरे का सम्मान करना और कठिन समय में मजबूती से खड़ा होना जानते हैं।

राहुल ने गर्व और दुख के साथ मुझसे वायनाड से लड़ने के लिए कहा। आपके मूल्यों, आपकी संस्कृति और राहुल के साथ आपके गहरे रिश्ते को लेकर राहुल को गर्व था, लेकिन आपको छोड़कर जाने का उन्हें दुख भी था। मैंने उनसे वादा किया कि मेरा काम इस रिश्ते को और मजबूत करेगा।

## कलेक्टर ने दिवाली त्योहार के दौरान पटाखा संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए दिशा-निर्देश

सिंगरौली। सिंगरौली के कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने दिवाली त्योहार के दौरान पटाखों के नियमन के संबंध में मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग के आदेश के अनुसार निर्देश जारी किए। एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) स्थापित की गई है, जिसके तहत केवल विशिष्ट प्रकार के पटाखों- हरे पटाखे, फुलझड़ी, अनार और मैरून- के उपयोग को रात 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक अनुमति दी गई है। बेरियम लवण सहित जहरीले रसायनों वाले पटाखों का वितरण, उपयोग और बिक्री, साथ ही उच्च तीव्रता वाले पटाखों का निर्माण और बिक्री पूरे सिंगरौली जिले में सख्त वर्जित है। विस्फोट स्थल से 4 मीटर की दूरी पर पटाखों की ध्वनि 125 डीबी से अधिक नहीं होनी चाहिए और एंटीमनी, लिथियम, पारा, आर्सेनिक, सीसा और स्ट्रोंटियम क्रोमेट जैसे हानिकारक पदार्थों से बने पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

# दीपावली मे मिलावटी मिठाइयों ने पकड़ा जोर

### उदासीन रवैया अपना रहा विभाग,लूट रहे उपभोक्ता




सिंगरौली। जिले में दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर मिठाइयों की भारी मांग देखी जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी लोगों के बीच मिठाइयां बांटने का रिवाज कायम है, और मिठाइयों की खरीदारी जोर-शोर से चल रही है। लेकिन त्योहारों के इस उमंग भरे माहौल में राजस्थानी मिष्ठान भंडार एक बार फिर से विवादों में घिरता नजर आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मिठाई की दुकान पर मिलावटी मिठाइयों के बेचने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर बुरा असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

सूत्रों का दावा है कि राजस्थानी मिष्ठान भंडार में तैयार की जा रही मिठाइयों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। विभिन्न मिठाइयों में मिलावट की खबरें तेजी से फैल रही हैं। ग्राहको का कहना है कि त्योहारी सीजन में मिठाइयों की मांग को देखते हुए दुकान मालिक मिलावटी सामग्री का उपयोग कर रहे हैं, ताकि अधिक लाभ कमाया जा सके। हालांकि, यह मिलावट खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है और इससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मिलावटी मिठाइयां पेट संबंधी रोग, त्वचा की समस्याओं और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं।राजस्थानी मिष्ठान भंडार के खिलाफ मिलावटी मिठाइयां बेचने के आरोपों के बीच ग्राहकों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से कठोर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। जनता का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को इस मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए और इस प्रकार की मिलावटी मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं और ग्राहकों को असुरक्षित खाद्य सामग्री से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सूत्रो का कहना है की यह पहली बार नहीं है कि राजस्थानी मिष्ठान भंडार का नाम मिलावटी मिठाइयों के मामले में सामने आया है। इससे पहले भी कई बार इस दुकान पर मिलावट के आरोप लगे हैं। लेकिन इस बार दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के अवसर पर इस मामले ने और अधिक तूल पकड़ लिया है। प्रशासन और संबंधित विभागों पर अब यह जिम्मेदारी है कि वे जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें, ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास कायम रह सके।

### सलाह.... गुणवत्ता मापे फिर खरीदे मिठाई

इस पूरे मामले के बीच विशेषज्ञों ने उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि मिठाई खरीदते समय उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और किसी भी संदिग्ध दुकान से खरीदारी करने से बचें। साथ ही, उन्होंने सरकारी एजेंसियों से अपील की है कि ऐसे मामलों में तुरंत कार्यवाही करें ताकि आम जनता मिलावट रहित सुरक्षित मिठाइयां खा सके और त्योहार की खुशियों को बिना किसी चिंता के मना सके त्योहारों के इस माहौल में, जहां हर कोई खुशियों का आदान-प्रदान करना चाहता है, मिलावटी मिठाइयों की घटनाएं आम जनजीवन में असुरक्षा का माहौल बना रही हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या राजस्थानी मिष्ठान भंडार की जांच कर उपभोक्ताओं को सुरक्षित मिठाइयां प्रदान करने की दिशा में उचित कार्यवाही होती है या नहीं।

## तेली पिछड़ा बैस समाज को और मजबूत बनाएंगे : बृजेश



### बृजेश शाह बने तेली पिछड़ा बैस महासभा के संभागीय अध्यक्ष

सिंगरौली। तेली पिछड़ा वैश्य महासभा संभागीय अध्यक्ष रीवा बृजेश शाह को बनाए जाने पर शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह का भव्य आयोजन समारोह सर्किट हाउस, माजन मोड़, बैढ़न में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाज के प्रमुख व्यक्ति और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग मौजूद रहे। जिसमें बृजेश शाह को संभागीय अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण हुआ। इस मौके पर सभी ने श्री शाह के संभागीय अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया और उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। बृजेश शाह को तेली पिछड़ा बैस महासभा ट्रस्ट का संभागीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा गया। अपने स्वागत संबोधन में बृजेश शाह ने समाज की एकता, प्रगति और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वह समाज के हर व्यक्ति की समस्याओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए काम करेंगे और तेली पिछड़ा बैस समाज को और मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके शाहवाल, राष्ट्रीय महा सचिव अखिलेश शाहु, लीगल हेड अधिवक्ता बृजेश शाहवाल, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अरविंद शाह, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप शाह, ग्राम पंचायत शासन के पूर्व सरपंच भगवानदास शाह, सीए मनोरमा शाहवाल, भाजपा उपाध्यक्ष सरोज शाह, जनपद पंचायत सदस्य प्रेमलाल शाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी नौडिहवा में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

सिंगरौली। आगामी त्यौहार दीपावली को लेकर पुलिस चौकी नौड़िहवा में चौकी प्रभारी उदय चंद्र करिहार के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता व एएसपी शिवकुमार वर्मा के निर्देश और एसडीओपी आशीष जैन और गढ़वा थाना प्रभारी अनिल पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उदय चंद्र करिहार के द्वारा दीपावली पर को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक एवं व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान चौकी प्रभारी के द्वारा पटाखा बिक्री के संबंध में हिदायत दी गई। साथ ही कहा गया कि दीपावली पर्व भाईचारे का है। इस त्यौहार को सब अच्छे से मनायें। क्षेत्र में शांति अमन बनाए रखें ।



## शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह आज

### मध्य प्रदेश राज्य मंत्री राधा सिंह वर वधु को देगी आशीर्वाद, दिव्य अखंड ज्योति की निकली शोभायात्रा



सिंगरौली। शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर में दिव्य अखंड ज्योति के बारहवें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी कल 27 अक्टूबर दिन रविवार को सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया है। वही आज शनिवार को मां ज्वाला देवी के दिव्या अखंड ज्योति शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण किया।

मां ज्वालामुखी भगवती देवी मंदिर एवं विवाह समिति शक्ति नगर सोनभद्र के प्रधान पुजारी व अध्यक्ष पंडित श्लोकी प्रसाद मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी देवी मंदिर शक्ति नगर के प्रांगण में आगामी 27 अक्टूबर को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। श्री मिश्र ने बताया कि 27 अक्टूबर को प्रात: 10:00 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 10:00 बजे से 12:00 तक मां का सिंगार एवं पूजन विधि विधान से किया जाएगा। तत्पश्चात सायं 3:00 बजे से सामूहिक विवाह का आयोजन सुनिश्चित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह मौजूद रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अ.आ. आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार, जिला अध्यक्ष सोनभद्र भाजपा नंदलाल गुप्ता, सिंगरौली भाजपा जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी एसडी सिंह, उदय नारायण सिंह गुड्डू मौजूद रहेंगे। वही गौरवमयी उपस्थिति बीपी सिंह राजा बाबा, श्रीमती वीणा सिंह, राजेंद्र सिंह बघेल, बृषभान अग्रवाल, राम सकल, वीरेंद्र पाठक, सीधी विधायक रीति पाठक, रामनरेश पासवान की उपस्थिति में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक मंडल के केसी शर्मा, आदित्य नारायण मिश्रा, शत्रुघ्न पांडे, सत्यनारायण बंसल, देशराज अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल, के बी मिश्रा, अजीत तिवारी, सनी शरण, प्रशांत श्रीवास्तव, आरके उपाध्याय, उत्तम जायसवाल, संजीव अग्रवाल, सत्य प्रकाश सिंह, एसके दुबे, अशोक पांडे, प्रमोद बरेलिया, ईश्वर चंद्र सर्राफ, ताराचंद्र कारीवाल, सुरेंद्र लोहिया, लव कुश पांडे, रवि राय, पन्नालाल, बाबूराम सर्राफ, यश बंसल ने कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने नवजीवन विहार में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को ग्राम-नवजीवन विहार सेक्टर-2 में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में सिंगरौली नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल और नवजीवन विहार सेक्टर-2 की वार्ड पार्षद श्रीमती श्यामला देवी वर्मा के साथ-साथ एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यपालक(सीएसआर), निखिल जायसवाल और उनकी टीम भी मौजूद रहे।टूर्नामेंट की शुरुआत एक रोमांचक मैच के साथ हुई, जिसमें आज़ाद मोड़ और बरहटी टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें बरहटी टीम ने जीत हासिल की। इस वर्ष के टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है, जो 26 अक्टूबर 2024 को समाप्त होगा।यह पहल न केवल खेलों को बढ़ावा देती है, बल्कि सामुदायिक भावना और सहभागिता को भी प्रोत्साहित करती है, जो एनटीपीसी विंध्याचल की स्थानीय समुदायों को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन सम्पन्न



सिंगरौली। ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी एवं सिंगरौली (म.प्र.) द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सिंगरौली जिलें के भूतपूर्व सैनिका,सैनिक विधवाओ, वीर नारियो तथा भूतपूर्व सैनिको के परिजनो के कल्याण हेतु सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस सम्मेलन में 6 भूतपूर्व सैनिक सम्मिलित हुये। सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुये विभिन्न मुद्दो एवं समस्याओ तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासो पर चर्चा हुई एवं संवाद हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिको ,सैनिक विधावाओ,वीर नारियो एवं पूर्व सैनिको के आश्रितों द्वारा उठाई गई समस्याओ का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया एवं समुचित आदेश दिये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड, म.प्र. सरकार द्वारा दी जानी वाली अनुदान सहायता, विभिन्न योजनाओ एवं स्कीम,सुविधाओ के बारे में अवगत कराया, तथा सूचित किया कि निकट भविष्य में म.प्र. सरकार द्वारा अनुदान राशि और बढ़ाई जाएगी। उन्होने युद्ध सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी जिसमे प्रस्तावित योजना के तहत भारत सरकार द्वारा 1965,1971 के युद्ध में समर सेवा स्टार मेडल, पूर्वी स्टार मेडल एवं पश्चिमी स्टार मेडल पाने वाले भूतपूर्व सैनिकों को 15 लाख रुपये की अनुदान राशि देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है ।उन्होने सूचित किया कि म.प्र. सरकार ने आदेश दिया है कि समग्र पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है अन्यथा अनुदान बाधित हो सकता है द्य विभिन अनुदान राशियो में किए गए बढ़ोत्तरी एवं नवीनतम रेट भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को सूचित किया गया, एवं संचालनालय सैनिक कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा प्रेषित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों के लिए उपयोगी जानकारी दी। उन्होने सूचित किया कि आईसीआईसीआई बैंक, सिंगरौली डिफेंस बैंकिंग टीम भी पूर्व सैनिकों के स्पर्श, पीपीओ, जीवित प्रमाण पत्र, ई केवाईसी तथा डाटा इन्ट्री डाटा करेक्सन एवं अनुदान सहायता इत्यादि समस्याओ का कंप्यूटर के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही करके त्वारित समाधान कराया जा सकता है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एनबीसी प्रतिनिधि हेतु यूनियन चुनाव



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में 25 अक्टूबर 2024 को एनबीसी यूनियन चुनाव का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जो हर तीन साल में होता है। एनबीसी, एनटीपीसी का सर्वोच्च मंच है, जहां श्रमिक और प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। इसका उद्देश्य कार्यबल की समस्याओं को हल करना और संगठन के सर्वोत्तम हितों के अनुरूप समझौते और समाधान प्राप्त करना है।

समिरन सिन्हा राय क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (उत्तर क्षेत्र) मुख्य चुनाव अधिकारी रहे, जिनके नेतृत्व मे राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एमके दीक्षित, सहायक श्रम आयुक्त, आधिकारिक पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इस बार चुनाव में 98.2त्र मतदान हुआ, जिसमें 230 में से 226 योग्य कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इस प्रतिस्पर्धात्मक चुनाव में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने 120 सीटें जीतकर 53त्र वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (आईएनटूक) ने 106 सीटों के साथ 47त्र वोट शेयर हासिल किया। चूंकि कोई भी संघ स्पष्ट बहुमत नहीं हासिल कर सका, बीएमएस और आईएनटूक एनबीसी में एक-एक प्रतिनिधि नामित करने के लिए पात्र होंगे।इस चुनाव की अध्यक्षता श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने की, जबकि कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने उन्हें सहयोग किया। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में मतदान सहायकों मे पंकज कुमार और नीरज कुमार झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पूरे चुनाव ने एनटीपीसी विंध्याचल की निष्पक्ष और संगठित चुनाव प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंत मे सभी कर्मचारियों ने एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन को शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु धन्यवाद दिया।

### कलेटर के अध्यक्षता में उपखण्ड सिंगरौली क्षेत्र के

## ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के कर्मियो की बैठक आयोजित



सिंगरौली। ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार पंचायत की समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सभी पंचायत कर्मी निराकरण करना सुनिश्चित करेगे। उक्त आशय के निर्देश अटल सामुदायिक भवन में आयोजित पंचायत कर्मियो एवं पटवारियों के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन प्रशासन की मंशानुसार सिंगरौली जिले में सभी स्तर की समस्याओं का समाधान किया जाना है चाहे वो जिला स्तरीय हो या ग्रामीण स्तरीय हो ।इसी निर्देश का पालन करते हुए सभी ग्रामों में प्रत्येक मंगलवार को पंचायतों के पंचायत कर्मी पटवारी , रोजगार सहायक, सचिव, सेल्समेन, आशा कार्यकर्ता जनसुनवाई में उपस्थित होकर निराकरण करेगे।कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्रत्येक मंगलवार को पटवारी भी जन सुनवाई में उपस्थित रहेगे उन्होंने कहा कि पटवारी अपने पटवारी भवन में उपस्थित रहकर रहकर जन समस्याओं का निराकरण करेंगे जहा पर पटवारी भवन नहीं है वहां की ग्राम पंचायत भवनों में जाकर पटवारी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। तथा सेक्टर के उप यंत्री अपना रोस्टर बनाकर अपने संबंधित ग्रामों के दौरा कर प्रकरणों का निराकरण करें। अपने-अपने आवेदनों को चिन्हित कर रजिस्टर में पंजीबद्ध करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी ग्राम पंचायत कर्मचारी यह सुनिश्चित करेगे कि उनके क्षेत्र में पीडीएस की दुकाने प्रति दिवस खुले। पीडीएस की दुकानों में राशन वितरण नियमित रूप से हो यह देखेंगे। साथ ही स्टॉक सूचना पटल को नियमित रूप से संचालित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत कर्मचारी प्राथमिक, माध्यमिक ,उच्चतर शाला आंगनबाड़ियों एवं ग्राम पंचायत से संबंधित भावनाओं का निरीक्षण कर परिसर को साफ सुथरा रखेंगे। आंगनबाड़ियों में यह सुनिश्चित करें कि नौनिहालो को नाश्ता समय पर उपलब्ध हो। साझा चूल्हा के माध्यम से पौष्टिक आहार गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रदान करें। कलेक्टर ने जनमन अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों का जिनके आधार कार्ड बन गया है उनको प्राथमिकता देते हुए आवश्यक रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करे। जिनका आधार कार्ड अपडेट होना है या नया बना है उन्हें चिन्हित करें आधार एवं समग्र के में अंकित विसंगतियों को भी दूर करने की कार्यवाही करे। यह सुनिश्चित करे कि लंक्ष्य की पूर्ति पूर्ण रूप से 3 नवंबर तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये।

# संयुक्त टीम ने शहर के बड़े होटलों में किया जांच

## मिठाइयों के प्रयोगशाला जांच के लिए भरे गए सेंपल

**सीधी।** दीपावली के त्यौहार में मिठाइयों की मांग सर्वाधिक बढ़ जाने के कारण उसमें मिलावट का खेल शुरू हो जाता है। मिठाइयों की बिक्री दीपावली के पहले से ही बड़े पैमाने पर शुरू हो जाने से होटल व्यवसायियों द्वारा पखवाड़े भर पूर्व से बड़े पैमाने पर मिठाइयों को तैयार कराने का काम शुरू कर दिया जाता है। अधिकांश लोग त्यौहारी सीजन में बड़े होटलों से ही मिठाइयों की खरीदी करते हैं। इसी वजह से बड़े होटलों में मिठाइयों की डिमांड त्यौहार में सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। होटलों में अपमिश्रित मिठाइयों की बिक्री एवं डेयरी प्रतिष्ठानों में मिलावटी खोवा व दूध की बिक्री बड़े पैमाने पर होने की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा संयुक्त टीम का गठन कर शहर के होटलों एवं डेयरी प्रतिष्ठानों की जांच के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में संयुक्त टीम द्वारा सीधी शहर में संचालित बड़े होटल प्रतिष्ठानों में जांच कार्यवाही का सिलसिला कई दिनों से प्रारंभ किया गया है। जांच की कड़ी में कलेक्ट्रेट तिराहा के पास संचालित प्रेम स्वीट्स में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच कार्यवाही की गई। जांच के दौरान होटल से मावा, मिल्क केक, पेंड़ा के नमूने राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भोपाल जांच के लिए भरे गए। इसी तरह सोनांचल बस स्टैंड में संचालित नीलम होटल से संयुक्त टीम द्वारा मावा, मिल्क केक, मलाई बर्फी, बेसन लड्डू के नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए गए।






### संयुक्त जांच टीम में ये रहे शामिल

संयुक्त जांच टीम में नगर पालिका, खाद्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व का अमला प्रमुख रूप से मौजूद है। संयुक्त टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश लोधी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में होटलों एवं डेयरी प्रतिष्ठानों की जांच का सिलसिला अनवरत रूप से चल रहा है। यह प्रयास किए जा रहे हैं कि त्यौहार के सीजन में ग्राहकों को मिलावटी मिठाइयों की बिक्री न हो, इसके लिए संयुक्त टीम द्वारा सतत जांच कार्यवाही की जा रही है। जिन प्रतिष्ठानों की जांच हो चुकी है उनके यहां आगे भी जांच कार्यवाही की जा सकती है।

# तालाब में अतिक्रमण से बढ़ रही लोगों की परेशानी



सिहावल। जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया तालाब के बगल में अमिलिया पटवारी हेड ऑफिस से 20 मीटर की दूरी पर तालाब के आसपास लगातार अवैध अतिक्रमण के कारण लोगों की परेशानी बढ़ रही है। एक तरफमध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मगर सिहावल क्षेत्र में अवैध आतिक्रमण कहीं हटाया नहीं जा रहा है और जगह-जगह आतिक्रमण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आदेशों पर पानी फेरते हुए सिहावल क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी इसी क्षेत्र से निकलते हैं पर किसी की नजर तक नहीं पड़ती। लगातार अवैध आतिक्रमण तालाबों पर किया जाना सिहावल क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य है। इसी तरह कई जगह तालाब आक्रमण की चपेट में है। मगर सिहावल का प्रशासन कार्यवाही करने से परहेज करता है। लगातार लोगों के द्वारा तालाबों को कचरा घर बनाया जा रहा है। चाहे अमिलिया हो सोनवर्षा, डिहुली, लिलवार, सहजी, सिहावल, बमुरी, हिनौती लगातार तालाबों में अवैध आतिक्रमण हो रहा है।

# बिटिया हूं मैं, आधी दुनिया हूँ मैं पर हुई प्रतियोगिता

**सीधी।** ऋषिकेश फाउण्डेशन की बाल सेना मोगली पलटन द्वारा बालिका शिशु दिवस की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। ऋषिकेश फाउण्डेशन के प्रवक्ता सचिन पाण्डेय ने बताया कि मोगली पलटन द्वारा हर माह किसी खास दिवस के महत्व पर आधारित एक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक एवं सीखदेय आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को आज कुछ खास है नाम दिया गया है। इस माह का आज कुछ खास है कार्यक्रम सीएम राइज स्कूल सीधी में किया गया। इस श्रृंखला में यह सातवां आयोजन था। इस रंगोली प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल की बालिकाओं की सराहनीय सहभागिता रही। बालिकाओं द्वारा आकर्षक और विषय अनुकूल अनेक रंगोली बनायी गयीं। इन रंग बिरंगे चित्रों के माध्यम से बालिका शिशु के प्रति सम्मान और स्नेह का संदेश प्रभावपूर्ण ढंग से दिया गया। रंगोली बनाने के दौरान सीएम राइज विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आरती पाण्डेय सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक बना रहा। शिक्षकों का ऐसा सहयोग सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। इससे शिक्षक और विद्यार्थी में आत्मीयता तो बढ़ती ही है, विद्यार्थियों का रचनात्मक विकास भी गति पता है। सचिन पाण्डेय ने कहा है कि मोगली पलटन का आज कुछ खास है आयोजन अगले महीनों में भी हमारे द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार जारी रहेगा।



# शुभ मुहूर्त में दिवाली पर करें लक्ष्मी पूजन: आचार्य अतुल

**सीधी।** वैदिक पंचांग के आधार पर तिथियों और व्रत-त्यौहारों की गणनाएं की जाती हैं। पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर रौशनी का पर्व दीपावली मनाई जाती है, लेकिन इस बार अमावस्या तिथि दो दिन है जिसकी वजह से दिवाली की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई। यानी कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को भी और 1 नवंबर को भी है। आचार्य अतुल तिवारी के अनुसार वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो जाएगी, जो 1 नवंबर की शाम तक रहेगी। इस तरह से दिवाली पर सभी तरह की वैदिक स्थितियां 31 अक्टूबर के दिन लागू रहेगी जबकि 1 नवंबर 2024 को अमावस्या तिथि सूर्योदय के दौरान रहेगी लेकिन समाप्ति शाम को 5 बजकर 12 मिनट पर हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर कुछ पंचांगों में अमावस्या तिथि की समाप्ति सूर्यास्त से पहले ही बताई जा रही है। व्रत-त्यौहार की तारीखों को लेकर ज्यादतर मामलों में उदया तिथि का विशेष महत्व दिया जाता है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में अन्य चीजों और मुहूर्तों को ध्यान में रखते हुए मिलने वाली तिथि का अधिक महत्व दिया जाता है। इस वजह से जिस रात्रि को प्रदोष काल से लेकर मध्य रात्रि के बीच व्याप्त रहने वाली अमावस्या तिथि को ध्यान में रखते हुए दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर को ज्यादातर विद्वान और पंडित मनाने की सलाह दे रहे हैं। इस तरह के लक्ष्मी पूजन के साथ दिवाली 31 अक्टूबर को मनाएं। पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की प्रदोषव्यापिनी अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है।



## सिटी कोतवाली थाना में पहुंची धोखाधड़ी की शिकायत

# फर्जी रजिस्ट्री और धोखाधड़ी का मामला सुर्खियो में

**सीधी।** जिले के पडैनिया पवाई गांव में फर्जी रजिस्ट्री और धोखाधड़ी का मामला सुर्खियो में छाया है। आरोप है कि चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा द्वारा अपने पुत्रों, भतीजे और पुत्रवधू को लपेटे में लेकर रजिस्ट्री का फर्जीवाडा किया गया है। रजिस्ट्री रजिस्टेशन क्रमांक एमपी 418412024ए1822477 दिनांक 10 जुलाई 2024 और रजिस्ट्री 14 जुलाई 2024 एसआर नाम प्रकाश त्रिपाठी सीधी जिले में जब मामला गणेश प्रसाद दुबे और रसिक बिहारी मिश्रा थाना कोतवाली सीधी में अलग-अलग आवेदन देकर थाना प्रभारी के यहा न्याय पाने और दोषियों की उपर कड़ी से कडी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई। सिटी कोतवाली सीधी अंतर्गत ग्राम पडैनिया पवाई निवासी गणेश प्रसाद दुबे और रसिक बिहारी मिश्रा का कहना है कि चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा नकली दस्तावेज तैयार करने के बहुत बडे आदी है। फर्जी दस्तावेजों को माध्यम बनाकर लगातार पिछले 40 वर्षों से सर्वोच्य न्यायालय तक परेशान करते आये है। जिसका किये गये फैसलों में फर्जी होने का उल्लेख भी है। उसी तरह अभी हाल ही में अपने मार्ग दर्शन अनुसार अपने ही बडे भाई की पुत्री उषा तनय स्व. कल्ली राम मिश्रा पति बिहारी लाल पाण्डेय निवासी ग्राम धवैयाए रघुनाथगंज मउगंज रीवा का प्रतिरूपण कर अपनी ही पुत्रवधू उषा मिश्रा, पुत्र चन्द्रकान्त मिश्रा, पुत्र कमलेश मिश्रा, भतीजा विनोद मिश्रा को लपेटे में लेकर उषा चन्द्रकान्त मिश्रा का आधार कार्ड लगाकार धोखाधडी का काम किया गया है, जबकि सारी भूमियां आराजी कमांक 21, 23, 49/1, 58, 73, 76 और 61 अपने हिस्से की है। जमीन खरीदने वाले विनायक गौतम पिता ऋषिकेश गौतम ग्राम मधुरी पवाई पोस्ट नौढिया और दूसरे व्यक्ति अतुल कुमार शर्मा पिता राममिलन शर्मा ग्राम कुर्रवाह तहसील गोपद बनास जिला सीधी मप्र को जमीन बेचकर धोखाधडी कर महिला ऊषा चन्द्रकान्त मिश्रा इस समय गांव से ही फरार बताए जा रहे है। गवाह का काम करने वाले साथी विवेक कुमार शर्मा पिता राममिलन शर्मा निवासी ग्राम कुर्रवाह तहसील गोपद बनास, अनुराग पाठक पिता नित्यानन्द पाठक ग्राम पतुलखी बहरी, सेवा प्रदाता शुभम श्रीवास्तव ये सब लोक आपस में एक-दूसरे के दूर के रिस्तेदार व जान पहचान के बताए जा रहे है। जिसकी सिटी कोतवाली सीधी में प्रभारी अधिकारी के द्वारा विवेचना करवाई जा रही है। इस फर्जीवाडे खबर की सूचना पुलिस अधीक्षक के यहा तक पहुंच चुकी है। अब देखना यह है कि जांच उपरान्त पुलिस कितने लोगों के खिलाफमामले में आरोपी बनाती है।



# सांसद डॉ. राजेश मिश्रा बने कोयला एवं खान मंत्रालय के सदस्य



**सीधी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कोयला और खान मंत्रालय के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया हैं, जिसमे सीधी-सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। सांसद डॉ. मिश्रा के सदस्य बनाए जाने पर पूरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। कोयला एवं खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य मनोनीत होने के पश्चात सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इसके कारण विशेष रूप से सिंगरौली को विशेष लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही भविष्य में सीधी जिले में भी कोयले की संभावनाए तलाशी जाएंगी और उसे पर भी कार्य होंगे। सदस्य नियुक्त होने पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी के प्रति आभार व्यापित करते हुए क्षेत्र की जनता जनार्दन को बधाई देते हुए आभार व्यापित किया है।

# फरवरी में बोर्ड परीक्षा, अतिथि शिक्षक अभी तक नियुक्त नहीं: इन्द्रलाल

**सीधी।** छात्र संगठन, स्टूडेंट्स एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक छात्र इन्द्रलाल पटेल ने मध्य प्रदेश सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि छात्रों का भविष्य गर्त में जा रहा है। शासकीय विद्यालय में नियमित शिक्षक गिनती के हैं और जो अतिथि शिक्षक रखे गये थे। उनका नये सत्र 2024-25 के लिए अभी तक नियुक्त पूर्ण नहीं हुई। कुछ की नियुक्ति पत्र जारी हुआ तो कई संकुल प्राचार्य एवं विद्यालय प्रभारी ज्वाइन नहीं करा रहें। नवंबर माह शुरू हो चला। छात्रों की शिक्षा बहुत प्रभावित हो रही है। फरवरी महीने में बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा की तिथि घोषित है, जो मात्र 3 माह ही बचा है। ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं के भविष्य का क्या होगा। पटेल ने सरकार से छात्र-छात्राओं के भविष्य एवं अतिथि शिक्षकों के स्थिति को देखते हुए तत्काल उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है।



# रंग अशोक नाट्य समारोह में बिज्जी कहिन का हुआ आयोजन

**सीधी।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले के वरिष्ठ रंगकर्मी स्व. अशोक तिवारी को समर्पित चार दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का रंग अशोक आयोजन रंगदूत द्वारा किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में द्वितीय दिवस बीती रात नाटक बिज्जी कहिन को लेकर रंगदूत सीधी ने प्रस्तुति दी। प्रसन्न ने बताया कि बिज्जी कहिन नाटक विजयदान देथा द्वारा लिखित 2 महान कहानियों से युक्त एक लोक नाटक है। इस नाटक का लेखन प्रसिद्ध कलाकार स्व. सुनील उपाध्याय ने किया है। मंच पर अभिनेताओं के साथ यह नाटक जीवन और इंसानों की सुंदरता को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित करता है। नाटक की पहली कहानी राजा भोज की कहानी है, जिसमें जीवन के सार को समझाया गया है। साथ ही दूसरी कहानी गडरिये और मौलवी कि कहानी है। प्रसन्न बताते हैं कि किस्सा गोई भारतीय समाज की आत्मा है और हमारा मन भी इसमें इतना रमता है कि बचपन में जब किस्सा शुरू हो जाता था तो ठंडी की लंबी लंबी रातें भी छोटी पड़ जाती थीं। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें लालचंद्र गुप्ता और रंगकर्मी रजनीश जयसवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नाटक की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने भरपूर तालियों और प्रशंसा से कलाकारों को सराहा। नाटक में मुख्य रूप से बुढ़िया के किरदार में प्रसन्न सोनी, राजेंद्र दुबे, कुलदीप सोनी, विशेष भारती, अनंत मिश्रा, खुशी सोनी, निधि कचेर आदि कलाकार शामिल थें।



# एमपी बिरला सीमेंट ने मनाया दीवाली मिलन समारोह

**सीधी।** एमपी बिरला सीमेंट द्वारा डीलरों के लिए दिवाली मिलन समारोह बीती शाम रमा बलदेव पैलेस सीधी में आयोजित किया गया। जिसमें सीधी, सिंगरोली और मऊगंज जिले के डीलर, सेल्स प्रमोटर व ऑफिसर्स परिवार सहित मौजूद रहे। कैंपनी की तरफसे रीवा ब्रांच हेड राकेश श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत अभिभाषण दिया तथा परिवार सहित पधारने के लिए डीलरो का धन्यवाद किया गया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे मध्य प्रदेश के जोनल सेल्स हेड जीवन आशी ने सभी को संबोधित करते हुए दिवाली की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। सीधी से सेल्स प्रमोटर ज्ञान सिंह ने सभी डीलरो को व्यापार में बढ़ोतरी की आशा व्यक्त करते दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। समारोह में आर्केस्ट्रा पर गीतों और नृत्य के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया गया। इसके साथ ही डीलरो को विभिन्न तरह गिफ्ट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर रीजनल हेड रिपुंजय मिश्रा, कंपनी के अन्य अधिकारी विवेक गायकवाड, विजय कोस्टा, विवेक तिवारी, विशाल मिश्रा, सौमित्र तिवारी, सनत त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# स्कूल प्रबंधक तथा पंचायत कर्मियों की लापरवाही से गाय की गई जान

**सीधी।** जिले के थाना बाहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बाहरी क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहरी परिसर में विद्यालय के प्रबंधक तथा पंचायत कर्मियों की वजह से लापरवाही से एक गाय को अपनी जान देना पड़ा। बता दें कि ग्राम पंचायत बहरी क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन से सटा हुआ शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहरी के परिसर का है, जहां पर विद्यालय भवन बना हुआ है, जहां पर दो दीवारों थी बीच में संकरा स्थान था जिसकी वजह से गाय पार करने लगी, बीच में सकरा जगह होने की वजह से बीच में गाय का पेट फंस गया। जिसकी वजह से ना तो बाहर आ रही थी और ना ही जिधर से गाय गई थी उधर जा पाए। बीच में वहीं पर अटक गई, वहीं पर आनन-फानन में ग्रामीणों ने देखा तो निकालने का प्रयास किया लेकिन देखते-देखते ही गाय ने दम तोड़ दिया। विद्यालय भवन कई वर्षों से बना हुआ था, वहां पर संकरा स्थान पहले से ही बना हुआ है, वहीं पर प्रतिदिन विद्यालय के शिक्षक आते-जाते रहते हैं और साथ ही पंचायत कर्मी भी वहीं पर आते जाते हैं। साथ ही कोई मीटिंग होती है तो पंचायत भवन में और विद्यालय में भी आते रहते हैं लेकिन आज तक किसी भी सरपंच और सचिव की नजर नहीं पड़ी और ना ही विद्यालय में शिक्षकों की नजर पड़ी कि उस संकरा स्थान को बंद कर दिया जाए जिसकी वजह से वहां पर किसी की जान न जाए लेकिन भ्रष्टाचार तो सरपंच और सचिव हर जगह कर लेंगे, लेकिन यह छोटे-छोटे नजारे नहीं दिखते हैं। यही छोटी-छोटी लापरवाही किसी के जान की कारण हो जाती है। इसकी वजह से चाहे वह आम जनमानस हो या पशु हो कोई भी हो कहीं न कहीं लापरवाही का शिकार हो जाता है लिहाजा यह है कि आज गाय वहीं फंस कर दम तोड़ दी।



आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते हैं
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

## संपादकीय

# चीन के साथ सकारात्मक

ब्रिक्स सम्मेलन में एक बार फिर भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटती दिखी है। पिछले पांच वर्षों से दोनों देशों के बीच तल्खी बनी हुई थी। हालांकि इस बीच कुछ मौकों पर हमारे प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातें जरूर हुईं, मगर द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन में अलग से दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की और परस्पर सहयोग और सम्मान का संकल्प दोहराया। इस वार्ता से एक दिन पहले दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल रखने का फैसला किया था। चीन ने दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक क्षेत्र में अपना अतिक्रमण हटाने पर सहमति दे दी।अब दोनों देशों की सेनाएं अपने हिस्से के इलाकों में गश्त कर सकेंगी। चीन ने यह भी कहा है कि वह सीमा विवाद सुलझाने में भारत का सहयोग करेगा। अब प्रधानमंत्री की शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चीन का रुख लचीला हो गया है और वह भारत के साथ दोस्ती बनाए रखना चाहता है। हालांकि यह कोई नाटकीय घटना नहीं है। इसकी पृष्ठभूमि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ही बननी शुरू हो गई थी, जब दोनों देशों के विदेशमंत्रियों ने अलग से बातचीत की थी।सच्चाई यह भी है कि चीन बेशक अपनी विस्तारवादी रणनीति के तहत भारत को घेरने का प्रयास करता रहा हो, पर आज की वैश्विक स्थितियों में वह इसके साथ लंबे समय तक तनावपूर्ण रिश्ते बना कर नहीं चल सकता। चीन को मुख्य चुनौती अमेरिका से है। इसलिए अगर चीन को इस चुनौती से पार पाना है, तो उसे भारत के साथ रिश्ते मधुर बना कर रखने ही होंगे। ब्रिक्स का गठन ही इस मकसद से हुआ था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबदबे को कमजोर किया जा सके।फिर, अमेरिका और यूरोप ने जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की, उससे रूस के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई थीं। उसने चीन के साथ नजदीकी बढ़ा ली।

मगर गलवान सैन्य संघर्ष के बाद चीन और भारत के बीच तल्खी कायम रहने से इस समीकरण में बाधा आ रही थी। इसलिए रूस भी चाहता था कि भारत और चीन अपने मतभेद जल्दी सुलझा लें। फिर, भारत के बिना ब्रिक्स देशों के संगठन में मजबूती कभी नहीं आ सकती। अच्छी बात है कि चीन ने इस तकाजे को समझा और भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया।भारत की अहमियत चीन के लिए भी बड़ी है। भारत अब भी उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। फिर, जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दवा उत्पादन, सेमीकंडकटर आदि के मामलों में दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए एक बड़े सहयोगी के रूप में दिखने लगा है, ऐसे में चीन उसकी अनदेखी नहीं कर सकता।वैश्विक दक्षिण के तमाम देशों को भारत पर भरोसा है। इसलिए भी चीन और रूस उसे अलग करके नहीं रख सकते।

**ब्रिक्स में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बुधवार को हुई बैठक लगभग पांच वर्षों में हुई पहली द्विपक्षीय बैठक थी। पिछली बार यह बैठक ब्रासीलिया 2019 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। इस बैठक में दोनों नेताओं ने पिछले कई सप्ताहों से कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से चल रही निरंतर बातचीत से हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा संबंधी मामलों पर पैदा हुए मतभेदों का हमारी सीमाओं पर शांति और सौहार्द पर कोई असर न हो।**

# आसान नहीं भारत-चीन के बीच रिश्ते सामान्य होने की डगर! बड़ी मुश्किलें हैं अभी इस राह में!

(हरेंद्र चौधरी)

ब्रिक्स में पांच साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पांच साल बाद पहली बार द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध खत्म करने को लेकर बनी सहमति का स्वागत किया गया। इस बैठक में दोनों देशों में इस बात पर सहमति बनी कि द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती में ही दोनों का भला है। जहां भारत ने अपने बयान में पेट्रोलिंग अरेंजमेंट का जिक्र किया था, वहीं चीन ने इससे दूरी बनाई। जिसके बाद चीन की ईमानदारी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहले ही संकेतों में ही बफर का सम्मान करने को लेकर चीन पर प्रश्नचिन्ह उठा चुके हैं। संदेह ये भी जताया जा रहा है कि कहीं जब स्पेशल रिप्रजेंटेटिव स्तर की बातचीत शुरू हो, तो चीन कहीं भारत के साथ अपने पुराने अड़ियल रवैये पर चलना न शुरू कर दे। सूत्रों का कहना है कि जब तक तीन 'डी' का सर्किल पूरा न हो जाए, तब तक संबंध सामान्य की आस रखना फिजूल है।

**स्पेशल रिप्रजेंटेटिव वार्ता से शुरुआत-** ब्रिक्स में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बुधवार को हुई बैठक लगभग पांच वर्षों में हुई पहली द्विपक्षीय बैठक थी। पिछली बार यह बैठक ब्रासीलिया 2019 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। इस बैठक में दोनों नेताओं ने पिछले कई सप्ताहों से कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से चल रही निरंतर बातचीत से हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा संबंधी मामलों पर पैदा हुए मतभेदों का हमारी सीमाओं पर शांति और सौहार्द पर कोई असर न हो। वहीं इस बैठक में सहमति बनी कि दोनों देशों के वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए पेट्रोलिंग समझौते को लेकर जल्द से जल्द बातचीत आगे बढ़ाई जाए और इसके लिए विशेष प्रतिनिधि (स्पेशल रिप्रजेंटेटिव) स्तर की वार्ता फिर से शुरू की जाए। बता दें कि आखिरी बार स्पेशल रिप्रजेंटेटिव की की वार्ता मौजूदा एनएसए अजीत डोवाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बीच दिसंबर 2019 में हुई थी।



**डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में ही बन गई थी सहमति-** अंतरराष्ट्रीय और रक्षा मामलों के जानकार और पूर्व सैन्य अधिकारी प्रवीण साहनी कहते हैं कि जैसा कि उन्हें जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच होने वाली बैठक का आधार तैयार करने के लिए, चीनी वार्ताकारों ने 29 अगस्त को बीजिंग में आयोजित डब्ल्यूएमसीसी की 31वीं बैठक में ही अपने भारतीय समकक्षों के सामने सैनिकों की वापसी, पेट्रोलिंग और चरागाह व्यवस्था शुरू करने की पेशकश पहले ही कर दी थी। वह कहते हैं कि इस प्रस्ताव को दो चरणों में लागू किया जाना है। पहले चरण में, दोनों देश देपसांग और डेमचोक (पूर्वी लद्दाख में दो शेष टकराव के पॉइंट) में एक-दूसरे के इलाके में दो किलोमीटर अंदर तक गश्त कर सकेंगे और और मवेशियों को चरने के लिए भेजेंगे। वहीं गश्त की जानकारी एक-दूसरे को पहले ही देनी होगी। दोनों देशों को गश्त करने वाले जवानों की संख्या, समय और पेट्रोलिंग की अवधि के बारे में सूचित करना होगा। पेट्रोलिंग की सूचना पहले मिलने से 'गलतफहमी से बचने' में मदद मिलेगी।

**भारत के साथ सामान्य संबंध चाहता है चीन-** वहीं, पहले चरण में, दोनों पक्ष अपनी सेनाओं को पीछे हटाना (डिसइंगेजमेंट) शुरू करेंगे और चार किलोमीटर का बफर जोन बनाएंगे। जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे को सूचित किए बिना नियमित पेट्रोलिंग कर सकेंगे। साहनी के मुताबिक एक बार जब सेना पीछे हट जाएंगी, तो दोनों पक्ष 'सीमा क्षेत्रों' के प्रबंधन के लिए नए विश्वास-निर्माण उपायों पर काम शुरू करेंगे। क्योंकि वास्तविक नियंत्रण रेखा को बफर जोन में बदल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर, 2020 को मॉस्को में विदेश मंत्रियों जयशंकर और वांग यी ने जिस संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए थे, उनमें भी दोनों पक्षों ने इस पर सहमति व्यक्त की थी। वहीं बस इसमें डिएस्क्लेशन का कोई जिक्र नहीं था। वह कहते हैं कि चीन की पेशकश को भारत की तरफ से पूरी तरह स्वीकार किया जाना, इस बात का सबूत है कि चीन भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का इच्छुक है। चीन और रूस चाहते हैं कि भारत ब्रिक्स को मजबूत करे, जिससे वैश्विक भूराजनीति में स्थिरता लाने में मदद मिलेगी।

**पेट्रोलिंग समझौते और डिसइंगेजमेंट का ही जिक्र-** वहीं रक्षा मामलों के जानकार पूर्व सैन्य अधिकारी सुशांत सिंह कहते हैं कि विदेश सचिव की पहले और बाद की प्रेस ब्रीफिंग से यह स्पष्ट हो गया है कि पूर्वी लद्दाख में भारतीय सैनिकों के सभी पेट्रोलिंग राइट्स बहाल नहीं किए गए हैं। क्योंकि बफर जोन (गलवां, गोगरा, हॉट स्प्रिंग्स, पैंगोंग और कैलाश रेंज के उत्तरी तट) पहले की तरह ही बने हुए हैं। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों की तरफ से डी-एस्केलेशन और डीइंडक्शन पर कोई चर्चा नहीं हुई है, जो अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने केवल पेट्रोलिंग समझौते और डिसइंगेजमेंट का ही जिक्र किया है। वह आगे कहते हैं कि सरकार की तरफ से पेट्रोलिंग समझौते और इसके लिए समयसीमा की भी कोई जानकारी शेयर नहीं गई है। इस तरह की गोपनीयता संदेह पैदा करती है। वह संशय जताते हुए कहते हैं कि देपसांग में गश्त समझौते के बारे में कोई क्लैरिटी नहीं है।

# नक्सलियों के सामने तन गए आदिवासी

**ताजा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पता चलता है कि आदिवासियों के बीच नक्सलियों का समर्थन कमजोर पड़ चुका है। वरना अक्सर बड़े नक्सली हमले के बाद दोहराया जाता था कि नक्सलियों का खुफिया तंत्र मजबूत है और उन्हें सुरक्षाबलों की हर मूवमेंट का पता पहले चल जाता है। अब उल्टा हो रहा है। बस्तर के भीतर खासतौर से दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों के बीच अबूझमाड़ और दोरनापाल से लेकर जगरगुंडा और बीजापुर तक, लंबी तिकोनी पट्टी में सुरक्षाबल पहुंच पा रहे हैं।**

(सुदीप ठाकुर)

अबूझमाड़ के जंगलों में नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर चार अक्टूबर को हुई भीषण मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 31 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया। इसके कुछ दिनों बाद माओवादियों के प्रवक्ता ने कहा कि मुठभेड़ में 35 माओवादी मारे गए। बीते चार दशक में बस्तर में यह माओवादियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ है। करीब 14 साल पहले 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों के अब तक के सबसे बड़े हमले में सुरक्षाबलों के 76 जवान मारे गए थे। ये दो घटनाएं एक दूसरे की विलोम हैं और दो चरम स्थितियों को दिखाती हैं।

**कमजोर नक्सली-** ताजा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पता चलता है कि आदिवासियों के बीच नक्सलियों का समर्थन कमजोर पड़ चुका है। वरना अक्सर बड़े नक्सली हमले के बाद दोहराया जाता था कि नक्सलियों का खुफिया तंत्र मजबूत है और उन्हें सुरक्षाबलों की हर मूवमेंट का पता पहले चल जाता है। अब उल्टा हो रहा है। बस्तर के भीतर खासतौर से दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों के बीच अबूझमाड़ और दोरनापाल से लेकर जगरगुंडा और बीजापुर तक, लंबी तिकोनी पट्टी में सुरक्षाबल पहुंच पा रहे हैं।

**आदिवासियों का भरोसा-** मध्य भारत में दंडकारण्य के घने जंगलों में लिखी जा रही इस नई इबारत में आदिवासी कहां हैं? इस सवाल का जवाब तलाशने का यही ठीक समय है। सबसे पहली बात तो यही कि आदिवासियों ने बीते कई दशकों में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हर बार नक्सलियों की चुनाव बहिष्कार की धमकी को ठुकरा कर मतदान किया है। यह अपने आपमें देश के लोकतंत्र और संविधान के प्रति उनकी अटूट आस्था को दिखाता है।

**भेदभावपूर्ण व्यवहार-** गजब यह है कि बीते 8 दशकों से यही बहस चल रही है कि आदिवासियों को 'मुख्यधारा' से जोड़ा जाए! असल में आदिवासी इस कथित मुख्यधारा से दूर नहीं हैं, यह मुख्यधारा ही उनसे दूर रही है। दो महान आदिवासी नेताओं को याद किया जा सकता है। एक थे जयपाल सिंह मुंडा, जिन्होंने संविधान सभा में कहा था, 'ज यदि भारतीय लोगों के किसी समूह के साथ सबसे बुरा बर्ताव हुआ है, तो वह मेरे लोग हैं। उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया है, 6000 वर्षों से वे उपेक्षित हैंज्आप आदिवासियों को लोकतंत्र का पाठ नहीं पढ़ा सकते। आपको उनसे लोकतांत्रिक व्यवहार सीखने होंगे। वे दुनिया के सबसे लोकतांत्रिक लोग हैं।' दूसरे थे, 1962 में चांदा (चंद्रपुर) से लोकसभा में पहुंचे लाल श्याम शाह, जिन्होंने 1957 में ही 'आदिवासी भाई चेत जाइये', नाम से एक पर्चा निकालकर कहा था, 'हमारे सामने केवल एक ही रास्ता रह जाता है कि हम पूरे राष्ट्र में जितनी अधिक विधानसभा और लोकसभा की जगहों पर प्रजातांत्रिक तरीकों से चुनाव लड़कर अपनी वाजिब मांगें रखें।'

**सुविधाओं की कमी-** लेकिन हो यह रहा था कि 1970-80 के दशकों में बस्तर में पोस्टिंग को सरकारी अमलों में सजा की तरह देखा जाता था। आज भी दुर्गम इलाकों में सड़कें नहीं हैं। स्कूलों में शिक्षक नहीं होते थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर। शहर से आने वाले व्यापारी साप्ताहिक बाजारों में जिस तरह नमक जैसी चीज के लिए काजू, चिरौंजी, महुआ की सौदेबाजी करते थे, उसके आख्यान पुराने पड़ चुके हैं। पूछा यह जाना चाहिए कि बैलाडीला की खदानों की परियोजनाओं से लेकर वहां बन रहे स्टील संयंत्रों में आदिवासियों की क्या स्थिति है? वनाधिकार कानून के बाद जमीनी हालात कैसे हैं?

**सरकारी प्रयास-** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के सफाये के लिए मार्च, 2026 की डेडलाइन रखी है। इसे देखते हुए समझा जा सकता है कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई में और तेजी आएगी। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद छत्तीसगढ़ में बनी भाजपा सरकार ने एक ओर तो नक्सलियों के समर्पण को लेकर नई पुनर्वास नीति लाने का ऐलान किया और दूसरी ओर सुरक्षाबलों की कार्रवाई भी तेज हुई है। नई नीति को लेकर राज्य सरकार ने बाकायदा गूगल फॉर्म, क्यूआर कोड और मेल आईडी जारी कर नक्सलियों तक से सरेंडर पॉलिसी को लेकर सुझाव भी मांगे। हालांकि जिस तरह से सुरक्षाबल और नक्सली आमने-सामने हैं, उससे शांति वार्ता की गुंजाइश कम ही दिख रही।

**बातचीत क्यों नहीं-** बस्तर की स्थिति और कुल मिलाकर जिन राज्यों में माओवादियों या नक्सलियों का प्रभाव रहा है, वहां की स्थिति अलगाववाद का लंबा दौर देख चुके पूर्वोत्तर के राज्यों से भिन्न रही है। इसके बावजूद ऐसा क्यों नहीं हो सका कि केंद्र सरकार लंबे समय से पूर्वोत्तर के अलगाववादियों से तो शांति वार्ता करती रही है, लेकिन माओवादियों के साथ ऐसी पहल जमीन पर नहीं आ सकी। बोडो समूह के साथ केंद्र, राज्य (असम) और बोडोलैंड की मांग कर रहे चरमपंथियों से त्रिपक्षीय समझौता तो मोदी सरकार के समय का ताजा मामला है।

**बराबर हक मिले-** सुरक्षाबल माओवादी हिंसा को रोकने में मददगार तो हो सकते हैं, लेकिन वह गांधी के देश में स्थायी शांति का प्रतीक नहीं हो सकते। आखिरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्य ही स्थायी शांति ला सकते हैं। और इन सबसे बढ़कर यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बदलते बस्तर में आदिवासियों को उनके पूरे संवैधानिक अधिकार मिलें और उन्हें विकास के हिस्सेदार की तरह देखा जाए न कि लाभार्थी!

हमारे समय के बेहद महत्त्वपूर्ण कवि विनोद कुमार शुक्ल की कई दशक पुरानी एक कविता के इस अंश से बस्तर के दर्द को समझा जा सकता है, 'ज.एक अकेली आदिवासी लड़की को/ घने जंगल जाते हुए डर नहीं लगता/ बाघ-शेर से डर नहीं लगता/ पर महुआ लेकर गीदम के बाजार जाने से/ डर लगता है।' (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और 'लाल श्याम शाह, एक आदिवासी की कहानी' पुस्तक लिखी है) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5534

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | |
| | | 6 | | | 7 | | |
| | 9 | | | | 10 | | |
| | 11 | | | 12 | | | |
| 13 | | | 14 | | | 15 | |
| 16 | | | | | | 17 | 18 |
| 19 | | | | | | 20 | |
| | | 21 | | | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

### वर्ग पहेली 5533 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | | हि | सा | ल |
| न | म | न | | सु | र | | ब |
| | दि | | स | त | लु | ज | |
| गो | ल | मा | ल | | धि | | बां |
| पी | | मा | फ | | या | ज | क |
| ना | ज | | | | न | मी | |
| थ | ल | च | र | | वी | र | ता |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज भाग्?य साथ दे रहा है और आपके लिए तरक्?की के नए रास्?ते खुलेंगे। आपको भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी। आप शाम के वक्?त धार्मिक कार्य में भाग लेंगे और आपका दिन सफलता में बीतेगा।

**वृषभ**

आज दिन मिश्रित फलकारक है। आपको किसी कारण से सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं। आपके सामने ऐसे अनावश्यक खर्चे आएंगे कि जो आपको न चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। सायंकाल के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**मिथुन**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके हुए सभी कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी काम में निवेश करना हो तो कर सकते हैं, आगे चलकर आपको लाभ होगा। परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**कर्क**

आज दिन सामान्?य रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप बुद्धि विवेक से नये-नये कार्यों की खोज करने में लगेंगे।

**सिंह**

आज दिन काफी भाग्?यशाली है और आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होने से खुशी होगी। आप अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे और गरीबों की सहायता करने से आपको लाभ होगा। अपनी वाक्पटुता और कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को प्रभावित कर पाने में सफल होंगे।

**कन्या**

आज दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाहा लाभ होने से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी और शाम तक ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपका दिन आराम से सफलता के साथ बीत जाएगा।

**तुला**

आज दिन काफी व्यस्?तता से भरा होगा आपको ऑफिस और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और उत्तरदायित्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आपको दूसरों की सहायता करने से जो आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती।

**धनु**

आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है और आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। कुछ समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी आपको हिस्सा लेना पड़ सकता है। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। आपको रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर**

आज दिन शुभ है और आपको कारोबार में किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और भाग्य आपका साथ दे रहा है। आपको किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चली आ रही समस्याओं का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें।

**मीन**

मानसिक अशांति खिन्नता और उदासीनता के कारण आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। यदि आपकी प्रोन्नति होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगी। आकस्मिक चिन्ता होने की संभावना है। आप दूसरे व्यक्तियों और आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

संक्षिप्त समाचार

## सलमान खान को मंदिर जाकर बिश्नोई समाज से माफी मांगनी चाहिए : राकेश टिकैत



नईदिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के बीच बढ़ते विवाद में अब किसान नेता राकेश टिकैत भी कूद पड़े हैं। टिकैत ने काला हिरण मामले को समाज से जुड़ा बताते हुए सलमान खान को सलाह दी है कि उन्हें मंदिर जाकर बिश्नोई समाज से माफी मांगनी चाहिए। टिकैत ने कहा कि यदि सलमान खान ने माफी नहीं मांगी, तो जेल में बंद कोई व्यक्ति कब क्या कर दे, कहा नहीं जा सकता। पत्रकारों से बातचीत करते हुए टिकैत ने कहा, यह समाज से जुड़ा हुआ मामला है। सलमान खान को मंदिर जाकर माफी मांग लेनी चाहिए, नहीं तो जेल में बंद आदमी पता नहीं कब टपकवा दे। इस विवाद में लॉरेंस बिश्नोई के भाई रमेश बिश्नोई ने भी सलमान को माफी मांगने की सलाह दी है। रमेश ने कहा कि सलमान को काले हिरण शिकार मामले में माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि बिश्नोई समाज इस मुद्दे पर एकजुट होकर लॉरेंस के समर्थन में खड़ा है। रमेश ने यह भी दावा किया कि सलमान खान ने बिश्नोई समाज को शांत करने के लिए पैसे ऑफर किए थे, जिसे समाज ने सख्ती से नकार दिया। रमेश बिश्नोई ने कहा, हमारा समाज पेड़ों और वन्यजीवों से प्रेम करता है। 363 पूर्वजों ने पेड़ों की रक्षा के लिए जान दे दी थी। जब सलमान ने काला हिरण मारा, तो हर बिश्नोई का खून खौल उठा। कोर्ट पर हमने विश्वास रखा लेकिन अगर हमारे समुदाय का मजाक बना तो समाज का गुस्सा भड़कना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि यह विवाद 1998 के काले हिरण शिकार मामले से जुड़ा हुआ है, जिसमें सलमान खान पर काले हिरण का शिकार करने का आरोप लगा था। राजस्थान हाईकोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी, हालांकि बाद में सलमान को जमानत मिल गई थी। इस बीच, गुजरात की साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी भी दी है। बिश्नोई की धमकियों के मद्देनजर सलमान की सुरक्षा पहले से भी कड़ी कर दी गई है।

## लॉरेंस बिश्नोई ने जेल से कैसे दिया इंटरव्यू; अब बड़ा ऐक्शन, 2 डीएसपी समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

नईदिल्ली, एजेंसी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल में रहते हुए दिए टीवी इंटरव्यू को लेकर बड़ा ऐक्शन हुआ है। इस मामले में डीएसपी गुरशेर संधू और सैमर वनीत समेत 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर



कर दिया गया है। पंजाब एंड हरियाणा हाइ कोर्ट के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल की ओर से यह ऐक्शन लिया गया। 7 अधिकारियों और कर्मचारियों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगा। इसके बाद निलंबन का आदेश राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव गुरकीरत कृपाल सिंह की ओर से जारी किए गए। एसआईटी ने जांच के बाद राजस्थान पुलिस को सबूत सौंप दिए हैं। इसमें बताया गया कि जयपुर सेंट्रल जेल में रहते हुए लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू का दावा किया गया। इसके पीछे जेल अधिकारियों की मिलीभगत की बात कही गई। इस आधार पर जयपुर में केस दर्ज हुआ था। मगर, बाद में जांच से सामने आया कि लॉरेंस का इंटरव्यू तो पंजाब की जेल में रहते हुआ था। इसे देखते हुए अब पंजाब सरकार की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

## रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हिंदी में लिखी चिट्ठी, डीएमके सांसद बोले– समझ नहीं आई

नईदिल्ली, एजेंसी। तमिल और हिंदी को लेकर भाषाई मतभेद अक्सर सामने आ जाती है। डीएमके नेता और राज्यसभा सांसद एमएम अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के पत्र का तमिल में जवाब देते हुए कहा कि उन्हें पत्र का एक भी शब्द समझ में नहीं आया। आपको बता दें कि मोदी सरकार के मंत्री ने सांसद को हिंदी में चिट्ठी लिखी थी। पत्र ट्रेनों में भोजन की गुणवत्ता और सफाई से संबंधित उनके द्वारा उठाए गए सवालों के संबंध में था। सोशल मीडिया पर दोनों पत्रों की एक प्रति साझा करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री के कार्यालय में तैनात अधिकारियों को कई बार याद दिलाने के बावजूद कि वे हिंदी नहीं समझ सकते, पत्र अभी भी उसी भाषा में भेजे जा रहे हैं। डीएमके सांसद द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए पोस्ट के मोटे अनुवाद से पता चलता है कि रेल राज्य मंत्री के कार्यालय से आने वाला पत्र हमेशा हिंदी में होता है। मैंने उनके कार्यालय में तैनात अधिकारियों को फोन करके कहा कि मुझे हिंदी नहीं आती, कृपया पत्र अंग्रेजी में भेजें, लेकिन पत्र हिंदी में था। मैंने इस तरह से जवाब भेजा है कि वे समझ सकें और उसके अनुसार कार्य कर सकें। डीएमके सांसद ने बिट्टू से तमिल में अनुरोध किया कि अब से उन्हें पत्र अंग्रेजी में भेजे जा सकते हैं। इससे पहले 2022 में डीएमके ने भी केंद्र पर निशाना साधते हुए हिंदी थोपने का आरोप लगाया था। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि स्थानीय भाषाओं के बजाय हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

# बलरामपुर में हिरासत में युवक की मौत पर बवाल भीड़ का थाने पर हमला, महिला एएसपी घायल

बलरामपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में गुरुवार को थाने में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद भारी बवाल हो गया। उग्र भीड़ ने थाने पर हमला कर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। इस हमले में महिला एएसपी घायल हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ भीड़ को बलपूर्वक खदेड़ा। कोतवाली थाना में स्वास्थ्यकर्मी गुरुचंद मंडल की मौत के मामले में फिर से बड़ा बवाल हो गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुक्रवार को मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हिंसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निमिशा पांडे को चोट लगी है। वहीं पुलिस के अधिकारी मौके पर उग्र भीड़ को समझाने में जुटे हुए थे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात हैं।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले का एक वीडियो ट्वीट कर लिखा, ठीक उस समय जब देश की महामहिम राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ में हैं, उस समय बलरामपुर से आ रहे ये चिंताजनक दृश्य छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था के अंतिम संस्कार का आधिकारिक ऐलान कर रहे हैं। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के बाद युवक की लाश ले जाने के दौरान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालात यह हैं कि नागरिकों और पुलिस के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है। जनता पुलिस पर भरोसा नहीं कर रही है, हालात बेकाबू हैं।



**पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति ने की खुदकुशी, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड :** भाषा के अनुसार, बलरामपुर जिले में एक महिला के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाए गए उसके पति द्वारा हिरासत में कथित तौर पर खुदकुशी किए जाने के मामले में थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुचंद मंडल ने गुरुवार को बलरामपुर थाने के शौचालय के भीतर अपने गमछे से कथित तौर पर फंदा लगा लिया था। अधिकारी ने बताया कि मंडल की पत्नी पिछले माह लापता हो गई थी, जिसके बाद उसने 29 सितंबर को बलरामपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। निलंबन आदेश में कहा गया, ''मंडल को संदेह और सबूतों के आधार पर थाने बुलाया गया था और लापता होने के मामले में पुलिस हिरासत में उससे पूछताछ की जा रही थी, तभी उसने आत्महत्या कर ली। प्रथम दृष्टया निरीक्षक एवं बलरामपुर थाना प्रभारी प्रमोद रूसिया और आरक्षक अजय यादव की ओर से लापरवाही पाई गई, ऐसे में दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाता है।

**घटना की न्यायिक जांच के आदेश :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार साहू ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की तथा घटना की जांच के लिए आठ सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम गठित की है। यह टीम घटनास्थल का दौरा रिपोर्ट पार्टी को सौंपेगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में राज्य में कानून नहीं बल्कि जंगल राज कायम हो गया है। बैज ने कहा है कि बलरामपुर में स्थिति तनावपूर्ण है, स्थानीय लोगों ने थाने पर पथराव किया, जिसके लिए राज्य सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है।

हम घटना की निंदा करते हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ ने सीएम और गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन वार्ता के अनुसार, घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को भी बलरामपुर के लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच, छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि मांगों पर कार्रवाई न करने पर समस्त कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त रहेगा, जिसके लिए संघ न्याय पाने हेतु सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश हो जाएगा। संघ ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने बात कही है। संघ ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं की गई तो संघ न्याय पाने के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश हो जाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महतारी वंदन योजना की 9वीं किश्त जारी की



रायपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की 9वीं किश्त का अंतरण किया। इस योजना के तहत दीवाली से पहले राज्य की 69 लाख 68 हजार लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में एक-एक हजार रूपए के मान से कुल 651 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि ऑनलाईन अंतरित की गई। योजना के तहत अब तक राज्य की महिलाओं को कुल 5878 करोड़ 37 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब एवं रोहित साहू उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने इस मौके पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही श्रीमती ममता कश्यप और श्रीमती सत्यवती ध्रुव से इस योजना के लाभ के बारे में चर्चा की। महतारी वंदन योजना के राशि वितरण के इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों जैसे रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बस्तर और सरगुजा से पारंपरिक वेशभूषा में लगभग 120 महिलाएं आयी थीं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु से बातचीत के दौरान ममता कश्यप और सत्यवती ध्रुव ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि से वो अपने बच्चों को लिए राशन खरीदने के साथ ही उनकी जरूरत का अन्य सामान खरीदने के लिए उपयोग करती है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने उन्हें शासन की ओर से मिलने वाली मदद का लाभ उठाकर अपने बच्चों को खूब पढ़ाने-लिखाने और उन्हें अफसर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब बच्चे पढ़ेंगे, तभी परिवार और समाज आगे बढ़ेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में पंजाब से पकड़ा गया एक और आरोपी

मुंबई, एजेंसी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दावा किया है कि एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में उसका हाथ है. इस मामले में पुलिस ने पंजाब से एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस तरह इस मामले में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी पर बाबा सिद्दीकी और सलमान खान की भी रेकी का आरोप है. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुजीत सुशील सिंह है. मुंबई पुलिस ने उसे पंजाब के लुधियाना के सुंदर नगर से गिरफ्तार किया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे मुंबई लाया जा रहा है. दूसरी ओर मुंबई पुलिस ने आरोपी राम फूलचंद कनौजिया के घर से हथियार जब्त किए हैं. मुंबई पुलिस ने सुजीत सुशील को पंजाब पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया. इसके बाद उसे जमालपुर थाने लाया गया. सुजीत सुशील की गिरफ्तारी के बाद उम्मीद है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के पुलिस को अहम सुराग हाथ लगेगा. आरोपी सुजीत सुशील पर बाबा सिद्दीकी पर नजर रखने वाले आरोपी नितिन के बैंक खाते में 25 हजार रुपये भेजने का आरोप है. प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सुजीत सुशील मुंबई का रहने वाला है और वह लुधियाना में अपने ससुर के घर आया हुआ था. मुंबई पुलिस जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा करेगी।

# चिकित्सक हमेशा मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करें : राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

रायपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने आज एम्स रायपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में संस्थान के 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं पदोपाधि तथा 514 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रोफेशनल का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी भरा होता है, उनके निर्णय जीवन रक्षा से जुड़े होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से उत्तीर्ण चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल छात्र इस जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व का निर्वहन पूरी तन्मयता और क्षमता के साथ करेंगे। उन्होंने उपाधि एवं पदोपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, एम्स रायपुर के अध्यक्ष प्रो. जॉर्ज ए डिसूजा, एम्स के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक कुमार जिंदल सहित एम्स रायपुर के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि जब आप सबने मेडिकल को अपना कार्यक्षेत्र चुना होगा, तो आपके मन में दया और संवेदना का भाव रहा होगा। आपको यह हमेशा याद रखना होगा कि दया, करूणा, संवेदना मानवीय मूल्य को मजबूत बनाते हैं। इसलिए हमेशा अपने कार्य क्षेत्र में इन जीवन मूल्यों के साथ कार्य करें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार देश के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देशवासियों को यूनिवर्सल हेल्थ कार्ड प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध हो रही है। पिछले 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेज, एमबीबीएस और पीजी की सीटों में भी बढ़ोतरी हुई है। नए एम्स भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एम्स रायपुर उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ कुपोषण को दूर करने तथा सिकलसेल क्लिनिक का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग जनकल्याण के लिए किया जाना चाहिए। एम्स रायपुर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चलित क्लीनिकल डिसीज और सपोर्ट सिस्टम पर भी कार्य कर रहा है। इससे दूर दराज के क्षेत्र के डॉक्टरों को आपातकालीन स्थितियों में रियल टाइम मदद तथा सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। हमने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। आपके कार्य विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर सभी स्नातक छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके सफल करियर की कामना की। आज से आप, लोगों के लिए आशा की किरण होंगे। उन्होंने एम्स रायपुर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संस्थान ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की है। एम्स रायपुर का 2024 में राष्ट्रीय रैंकिंग में 38वां स्थान प्राप्त करना इसकी एक मिसाल है। राज्यपाल ने आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की सराहना की और कहा कि इस योजना ने संस्थान की गरिमा को और बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि इस आदिवासी प्रदेश में स्थित मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थाओं की प्रतिभाएं आपकी उपस्थिति में दीक्षा पूरी कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में देश की लगभग सभी ख्यातनाम संस्थाएं स्थित हैं।

# हमारा संविधान बाबा साहेब की विचारधारा का केंद्र बिंदु है, भाजपा फर्जी कहानी गढ़ रही है : नाना पटोले

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही सप्ताह बचे हैं, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के हालिया बयान को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस संवैधानिक प्रावधानों के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को दिए गए आरक्षण को खत्म करने के लिए आधार तैयार कर रही है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण खत्म करना चाहती है। वहीं पटोले ने इन आरोपों को निराधार बताया। भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे एक वायरल क्लिप में पटोले को यह कहते हुए सुना गया, राहुल गांधी ने क्या कहा राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण के बारे में तब सोचेंगे जब सभी समान हो जाएंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने बाद में स्पष्ट किया, राहुल गांधी ने बाबा साहेब के विचार व्यक्त किए। हमारा संविधान बाबा साहेब की विचारधारा का



केंद्र बिंदु है। भाजपा फर्जी कहानी गढ़ रही है, क्योंकि उन्हें संविधान के बारे में पता नहीं है। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की टिप्पणी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस आरक्षण हटाने की जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा है, तब तक कोई भी संविधान से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग को दिए गए आरक्षण के प्रावधानों को नहीं हटा पाएगा। एक्स पर मालवीय ने लिखा, महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले राहुल गांधी के हम आरक्षण हटाएंगे वाले बयान का समर्थन करते हैं। आरक्षण के प्रावधान दशकों से चले आ रहे सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए दिए गए थे। लेकिन कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण हटाने का फैसला किया है। उनके सभी हालिया कदम और बयान इसके लिए जमीन तैयार करने के उद्देश्य से हैं। उन्होंने कहा, यह बात जगजाहिर हो जानी चाहिए।

## चेहरा देखकर टिकट, राहुल गांधी महाराष्ट्र में कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन से नाखुश; सीट शेयरिंग पर भी सवाल

मुंबई, एजेंसी। हरियाणा में हार के बाद राहुल गांधी फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं। यही वजह है कि महाराष्ट्र में उम्मीदवारों के चयन में वह निजी तौर पर शामिल हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन से नाखुश बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक हाल ही में उम्मीदवारों के चयन के लिए हुई एक बैठक में उन्होंने अपनी नाखुशी जताई। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी को उम्मीद थी कि वह यहां पर सत्ता हासिल करेगी, लेकिन आखिर में हार का सामना करना पड़ा। बाद में राहुल गांधी ने यहां पर पार्टी के प्रदर्शन पर चिंता जताई थी। साथ ही उन्होंने गुटबाजी को लेकर भी नाराजगी जताई थी। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव होंगे और 23 नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

महाराष्ट्र में अभी तक कांग्रेस ने अपने हिस्से की 85 में से 48 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। महाविकास अघाड़ी के साथ सीट शेयरिंग में उसे यह सीटें हासिल हुई हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक राहुल गांधी स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा कांग्रेस इलेक्शन कमेटी को दिए गए नामों से संतुष्ट नहीं हैं। शुक्रवार को मीटिंग के दौरान उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहाकि सुझाए गए सभी नाम कुछ महाराष्ट्र नेताओं के पसंदीदा लग रहे हैं। उन्होंने सीट बंटवारे के समझौते के तहत



विदर्भ और मुंबई जैसे क्षेत्रों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना को कांग्रेस की मजबूत आवंटित किए जाने पर भी सवाल उठाए।

महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कुल 288 विधानसभा सीटों में से 255 पर समझौता हुआ है। उद्धव सेना, कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सभी दलों ने अपनी-अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। उद्धव सेना ने 65, कांग्रेस ने 48 और शरद पवार की एनसीपी ने 45 सीटों पर नाम जारी किए हैं। हालांकि 18 सीटों पर अभी भी बात बन नहीं पाई है। इसमें सपा नेता और विधायक अबू आसिम आजमी भी कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा है कि गठबंधन सपा को पांच सीटें दे नहीं तो वह 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन का हिस्सा है।

# हिमाचल में बेरोजगारों को झटका, सरकारी विभागों के हजारों पद खत्म, सीएम सुक्खू का आदेश

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों में हजारों पद समाप्त कर दिए हैं। सरकार की तरफ से कहा गया है कि यह पद बीते दो साल या इससे अधिक समय से खाली थे और अब इन पदों को भविष्य में जारी नहीं रखा जाएगा। सरकार के वित्त विभाग ने यह पद समाप्त करने के संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए वित्त विभाग ने 14 अगस्त 2012 के निर्देशों को आधार बनाया गया है। माना जा रहा है कि रिक्त चल रहे इन पदों को भरे बिना ही विभागों का काम संतोषजनक ढंग से चल रहा है, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सरकारी विभागों के साथ सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में उन पदों को समाप्त माना जाएगा, जो दो साल या इससे अधिक समय से रिक्त चल रहे हैं। साथ ही सम्बंधित विभाग की बजट बुक से इन पदों का हटाना सुनिश्चित किया जाएगा और इसमें विभागों की ओर से किसी तरह की बहानेबाजी नहीं की जानी चाहिए। देवेश कुमार द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि 14 अगस्त 2012 को भी विभाग ने ये आदेश जारी किए थे, लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया। किसी भी विभाग ने इन आदेशों की अनुपालना नहीं की और न ही वित्त विभाग को अब तक इससे जुड़ा डाटा भेजा गया है। राज्य सरकार ने इस मुद्दे को बड़ी गम्भीरता से लेते हुए फैसला लिया है



कि कोई भी पद चाहे नियमित हो या अस्थायी हैं, अगर दो साल या इससे अधिक समय से खाली है, तो इन्हें तुरंत समाप्त माना जाएगा। देवेश कुमार ने यह भी स्पष्ट किया है कि दो साल या इससे अधिक समय से रिक्त चल रहे पदों को भरने का कोई भी प्रस्ताव वित्त विभाग को न भेजा जाए। इन दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन किया जाए। अगर अनुपालन नहीं किया गया तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग या संगठन की रहेगी। यह आदेश विभागों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों पर भी लागू होंगे। आदेशों की प्रति सभी बोर्ड, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रबंध निदेशकों के अलावा राज्य लोक सेवा आयोग, राज्य चयन आयोग, विद्युत नियामक आयोग, सभी उपायुक्तों और सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी भेजी गई है। कांग्रेस ने चुनाव में किया था रोजगार देने का वायदा साल 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। व्यवस्था परिवर्तन का नारा देते हुए कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियों के अवसर पैदा करने की गारंटी दी थी। हालांकि हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में पेपर लीक के मामले के कारण खाली पदों को भरने में विलंब हुआ है। उधर विपक्षी भाजपा नौकरियों के मुद्दे पर प्रदेश की सुक्खू सरकार को लगातार घेर रहा है। हाल ही में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सिरमौर के पच्छाद से भाजपा विधायक रीना कश्यप ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए) लाइब्रेरी के पदों पर सवाल उठाया था। इसके जवाब में सरकार ने बताया कि 771 पद सृजित किए गए हैं। मगर 31 जुलाई 2024 तक केवल 4 पद ही भरे गए, जबकि 767 पद खाली हैं। पिछली कैबिनेट बैठक में सरकार ने 2 हजार वन मित्रों की भर्ती को मंजूरी दी है। इसके अलावा पुलिस कांस्टेबल के एक हजार पदों को भरने की भी प्रक्रिया जारी है। कैबिनेट सब कमेटी तलाश रही रोजगार के अवसर प्रदेश सरकार ने रोजगार सर्जन के लिये कैबिनेट सब कमेटी गठित की है। इस कमेटी पर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाश करने का जिम्मा है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान कमेटी के अध्यक्ष हैं और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

# भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

## न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट



**पुणे, एजेंसी।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

# 22 साल के जायसवाल ने रचा इतिहास

- तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड, भारत के सभी बल्लेबाज रह गए पीछे



**पुणे, एजेंसी।** टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के लिए ये साल काफी खास रहा है. टेस्ट फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए हैं और भारतीय टीम के अहम बल्लेबाज भी बन गए हैं.

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में भी यशस्वी जायसवाल ने कमाल का खेल दिखाया. वह अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. इस पारी के दौरान जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह एक खास लिस्ट में भारत के सभी बल्लेबाजों से आगे निकल गए. उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो विराट कोहली भी अपने करियर में अभी तक नहीं कर सके हैं. यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए. इस पारी के दौरान जायसवाल के बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के देखने को मिले.

इसी के साथ उन्होंने इस साल भारत में अपने 1000 टेस्ट रन भी पूरे किए. जायसवाल घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन का आकंड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 1979 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने किया था. गुंडप्पा विश्वनाथ अभी तक भारत के लिए घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन जायसवाल उनसे आगे निकल गए हैं.

गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में घरेलू मैदान पर 1047 रन बनाए थे. वहीं, यशस्वी जायसवाल के इस साल भारत में 1056 टेस्ट रन हो गए हैं.

वहीं, विराट कोहली 964 रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने ये कारनामा साल 2016 में किया था. लेकिन यशस्वी जायसवाल भारत के सभी स्टार बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं.



# टीम इंडिया में खत्म हुआ मोहम्मद शमी का सफर?

- बीसीसीआई के एक फैसले से मची खलबली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है. इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी. 22 नवंबर से खेली जाने वाली इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. लेकिन चौंकाने वाली बात है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे. मोहम्मद शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं.

उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते उन्होंने फरवरी 2024 में लंदन जाकर सर्जरी कराई थी. माना जा रहा था इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ-साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है, जहां टी20 सीरीज खेली जानी है. इस दौरान चोट के कारण टीम में ना चुने जाने वाले खिलाड़ी पर बीसीसीआई ने अलग से अपडेट भी दिया है, जिसमें कुलदीप यादव, मयंक यादव, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. लेकिन बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में मोहम्मद शमी पर कोई अपडेट नहीं दिया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है.

### शमी ने खुद को बताया फिट

मोहम्मद शमी ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपनी चोट पर कहा था कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी. लेकिन बीसीसीआई ने अचानक टीम का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है. इतना ही नहीं, शमी को सब्जेक्ट टू फिटनेस के साथ भी सेलेक्ट नहीं किया, इसका मतलब ये है कि सीरीज के बीच में भी उनकी एंट्री मुश्किल है.

बता दें, हाल में मोहम्मद शमी को बेंगलुरु टेस्ट के बाद असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी करते हुए दिखाई दिए थे. तब वह पूरे रन-अप से गेंदबाजी करते हुए नजर आए थे. वहीं, शमी खुद को लगातार फिर भी बता रहे हैं. इसके बाद भी उनका सेलेक्शन क्यों नहीं हुआ, यह समझ से परे है. शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कुल 11 टेस्ट मैच खेले हैं और 40 विकेट अपने नाम किए हैं. ऐसे में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज की कमी खल सकती है.

पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट

# पाकिस्तान टीम के खत्म हुए बुरे दिन

## इंग्लैंड को 2-1 से हराया, 4 साल बाद किया ये काम





**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने बाजी मारकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की. ये सीरीज पाकिस्तान की टीम के लिए काफी खास रही. सीरीज का पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम में बड़े बदलाव किए गए थे, बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. पाकिस्तान की टीम को इसका फायदा भी हुआ, टीम ने लगातार दो मैचों में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम कर ली.

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत अपने नाम की. इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 36 रनों का टारगेट रखा था. पाकिस्तान ने इस टारगेट को 1 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया और मैच जीतने के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम की. बता दें, पाकिस्तान ने लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है. इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.

### साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी ने किया कमाल

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. लेकिन साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी के आगे पूरी टीम 267 रन पर सिमट गई. इस दौरान साजिद खान ने 6 विकेट और नोमान अली ने 3 विकेट अपने नाम किए. इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने अपनी पहली पारी में 344 रन बनाए. इस दौरान पाकिस्तान ने अपने 7 विकेट 177 रन पर ही गंवा दिए थे. लेकिन सऊद शकील ने 134 रन बनाकर टीम की वापसी करवाई, जिसमें नोमान अली के 45 रन और साजिद खान के 48 रन भी शामिल रहे.

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी और भी खराब रही. पूरी टीम 37.2 ओवर ही खेल सकी और 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस पारी में साजिद खान और नोमान अली ने मिलकर सभी 10 विकेट हासिल किए. नोमान अली के नाम 6 विकेट रहे, वहीं साजिद खान ने कुल 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इन दोनों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के चलते पाकिस्तान की टीम सीरीज में बाजी मारने में कामयाब रही.

# नेपाल प्रीमियर लीग से जुड़े लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार होंगे. वहीं, इससे पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार थे. पोखरा एवेंजर्स के मालिक सुबोध त्रिपाठी ने इस बात की जानकारी दी. सुबोध त्रिपाठी ने कहा कि जोंटी रोड्स के साथ आने से हम बेहद खुश हैं. हमें पूरा भरोसा है कि जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और अपने अनुभव से युवा खिलाड़ियों के टैलेंट को निखारने का काम करेंगे.

**पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर जोंटी रोड्स ने क्या कहा?**

इससे पहले आईपीएल में जोंटी रोड्स मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के साथ काम कर चुके हैं. इन दोनों टीमों के साथ जोंटी रोड्स का सफर शानदार रहा. वहीं, जोंटी रोड्स ने नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर अपनी खुशी जाहिर की. जोंटी रोड्स ने कहा कि मैं सलाहकार के तौर युवा खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करूंगा, ताकि युवा खिलाड़ियों के खेल को निखारा जा सके. मुझे उम्मीद है कि हेड कोच राजीव कुमार के साथ मिलकर बेहतर परिणाम देने में सफल रहूंगा. इसके अलावा ऑन द फील्ड और ऑफ द फील्ड खिलाड़ियों को बेहतर बनाने पर कान करूंगा.

**ऐसा रहा है जोंटी रोड्स का करियर**

जोंटी रोड्स नवंबर के पहले सप्ताह में पोखरा एवेंजर्स के साथ जुड़ जाएंगे. बताते चलें कि जोंटी रोड्स ने 52 टेस्ट मैचों के अलावा 245 वनडे मैचों में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है. जोंटी रोड्स क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन फील्डरों में गिने जाते हैं.

# अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए सीएसके की पहली पसंद होंगे : हरभजन सिंह





**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो।

उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि इन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज टॉम मूडी ने हैदराबाद टीम की रिटेंशन रणनीति को रेखांकित किया और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डाला, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मूडी ने कहा, जब मैं हैदराबाद टीम को देखता हूं, तो इस रिटेंशन अवधि के दौरान उन्हें फ्रेंचाइजियों में सबसे कठिन काम मिला है।

# ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा





**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की। भारत की टी20 टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है और 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला ज्ञ20द्ध खेलेगी। मयंक यादव और शिवम दुबे चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

वहीं, रियान पराग भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वर्तमान में वह अपनी पुरानी दाहिने कंधे की चोट का इलाज करवा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पूरा होने के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा है।

बता दें कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला की समाप्ति के बाद उनकी बाईं कमर की पुरानी समस्या उभर आई थी। वह इसका इलाज करवा रहे हैं।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

रिजर्व-मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

### दक्षिण अफीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान, यश दयाल।

भारत का दक्षिण अफीका दौरा 2024 शैड्यूल
08-नवंबर-24 - पहला टी20, डरबन में
10-नवंबर-24 - दूसरा टी20, गक़ेबरहा में
13-नवंबर-24 - तीसरा टी20, सेंचुरियन में
15-नवंबर-24 - चौथा टी20, जोहानसबर्ग

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

22 से 26 नवंबर 2024- पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ

06 से 10 दिसम्बर 2024 - दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल

14 से 18 दिसम्बर 2024 - तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन

26 से 30 दिसम्बर 2024 - चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न

03 से 07 जनवरी 2025- 5वां टेस्ट, एससीजी, सिडनी



# फुटबॉल लीजेंड जॉन ब्यूरिज और जो मॉरिसन ने मिनर्वा एकेडमी में लगाया स्काउटिंग कैंप

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारत की शीर्ष फुटबॉल संस्था मिनर्वा एकेडमी ने दो खेल दिग्गजों, जॉन बुरिज (बुजी) और जो मॉरिसन का एक सप्ताह तक चलने वाले स्काउटिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वागत किया। जॉन बुरिज, प्रतिष्ठित पूर्व प्रीमियर लीग गोलकीपर, मिनर्वा के जूनियर और सीनियर गोलकीपरों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने अनुभव का खजाना लेकर आए। 20 वर्षों से अधिक के शानदार करियर, 787 मैचों और 276 क्लीन शीट के साथ उनका अनुभव शानदार है।

उनके शानदार खेल करियर में वर्किंगटन एएफसी, स्टोक सिटी और यहां तक कि मैनचेस्टर यूनाइटेड, साउथेम्प्टन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों में काम करना शामिल है। बुरिज ने अपने कोचिंग करियर के दौरान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, बर्मिंघम सिटी और कार्डिफ सिटी जैसे प्रतिष्ठित क्लबों के साथ भी काम किया है।उनके प्रीमियर लीग रिकॉर्ड में एक खिलाड़ी के रूप में 269 मैच और कोच के रूप में 50 मैच शामिल हैं। एक प्रसिद्ध गोलकीपर कोच के रूप में, बुरिज असाधारण प्रतिभा की खोज और विकास करने में गर्व महसूस करते हैं। भारत के नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एफसी स्टैबेक और यूएफा यूरोपा लीग में मार्गदर्शन मिलने के पीछे ये ही कारण हैं। उन्होंने ओमान के दिग्गज गोलकीपर अली अल-हब्सी को भी निखारा, जिससे उन्हें प्रीमियर लीग में 25 साल का शानदार करियर हासिल करने में मदद मिली। जो मॉरिसन एक प्रसिद्ध ब्रिटिश खेल प्रस्तुतकर्ता और टीवी होस्ट हैं। वे अपनी आकर्षक कमेंट्री और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, मॉरिसन ने स्काई स्पोर्ट्स, बीबीसी और आईटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क के साथ काम किया है, जिसमें प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा विश्व कप जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस : तूफान ने ढाया कहर, 46 की मौत, 20 लापता



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में इस हफ्ते आए उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी कि कम से कम 20 लोग अभी भी लापता हैं। सिविल डिफेंस एडमिनिस्ट्रेटर एरियल नेपोमुसेनो के कार्यालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि देश भर के नौ क्षेत्रों में ट्रामी से संबंधित मौतों की सूचना मिली है। मनीला के दक्षिण-पूर्व में स्थित बिकोल क्षेत्र, (जो तूफान का सबसे अधिक प्रकोप झेल रहा है), में सबसे अधिक 28 मौतें हुई हैं। कैलाबारजोन क्षेत्र में 15 मौतें हुई हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि फिलीपींस के अन्य क्षेत्रों में भी ट्रामी से संबंधित मौतों की सूचना मिली है। इस वर्ष फिलीपींस में आने वाला 11वां तूफान ट्रामी मुख्य लूजोन द्वीप से होकर गुजरा, जो बिकोल और कैलाबारजोन क्षेत्रों में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। मृतकों के आंकड़े बढ़ सकते हैं, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियां ट्रामी के प्रभाव का आकलन करना जारी रखे हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार तक देश भर में 293 सड़कें और 67 पुल अभी चलने लायक नहीं हैं। कुछ क्षेत्रों में बिजली अभी भी बहाल नहीं हुई है। राज्य मौसम ब्यूरो ने कहा कि शुक्रवार सुबह उत्तरी फिलीपींस में इलोकोस सुर प्रांत से 255 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में ट्रामी को देखा गया। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था, जिसमें 95 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं और 151 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं चल रही थीं। राज्य मौसम ब्यूरो ने शुक्रवार दोपहर या शाम को ट्रामी के फिलीपींस से बाहर निकलने का अनुमान लगाया है। फिलीपींस में हर साल औसतन 20 तूफान आते हैं।

### चिली की राजधानी में स्कूल विस्फोट के दो दिन बाद 23 छात्र अस्पताल में भर्ती

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली की राजधानी सैंटियागो के एक स्कूल में बुधवार को हुए धमाके में घायल हुए 35 में से 23 छात्र अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने बताया कि दो घायल छात्रों की हालत बेहद गंभीर है, जबकि आठ अन्य गंभीर स्थिति में हैं। अच्छी बात यह है कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई है। शिक्षा मंत्री निकोलस कैटलडो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शुक्रवार को 12 छात्रों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कैटलडो ने इस बात को खारिज किया कि यह घटना एक अलग घटना है, जैसा कि स्कूल हेड मारिया अलेजांद्रा बेनावाइडेस ने पहले मीडिया से कहा था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बारोस अराना नेशनल बोर्डिंग स्कूल के कुछ छात्र बुधवार को सार्वजनिक सड़कों पर विस्फोटक उपकरण लॉन्च करने की तैयारी कर रहा था। लेकिन इन उपकरणों में अज्ञात कारणों से एक बाथरूम में ही विस्फोट हो गया।

### अमेरिकी चुनाव में सेंध लगाने में जुटा चीन! डोनाल्ड ट्रंप के फोन पर भी हैकर्स का हमला



**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीन के हैकर दुनिया के कई देशों में साइबर अटैक कर चुके हैं। वहीं अब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बीच खबर है कि पूर्व राषट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जेडी वेंस के फोन को निशाना बनाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी हैकर अब अमेरिका में शीर्ष नेताओं के डेटा को निशाना बनाना चाहते हैं। चीनी हैकरों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के सीनियर अधिकारियों को भी टारगेट किया था। इसी सप्ताह अमेरिकी अधिकारियों ने जानकारी दी कि चीनी हैकरों ने जिनके फोन को निशाना बनाया था उनमें डोनाल्ड ट्रंप और जेडी वेंस भी शामिल हैं। वहीं ट्रंप के प्रचार प्रवक्ता स्टीव चेउंग ने कहा कि कमला हैरिस ही चीन का उत्साहवर्धन कर रही हैं। अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि हैकर कोई जानकारी निकाल पाए हैं या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमना और पूर्व अधिकारियों के फोन हैकर करने की कोशिश हो रही थी। शुक्रवार को एफबीआई और अमेरिकी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने कहा, अमेरिकी सरकार इस बात की जांच कर रही है कि क्या चीन से अमेरिका के कमर्शल टेलिकम्यनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर में दखल देने की कोशिश की गई है। सीआईएसए और एफबीआई ने संबंधित कंपनयों को निोटिस भी जारी किया है और कहा है कि वे तकनीकी सुधार करें। सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप और जेडी वेंस के फोन हैक करने की कोशिश की गई है। कई महीनों से चीनी हैकर अमेरिकी कंपनियों में घुसपैठ की कोशिश में लगे हुए हैं। वे अमेरिका की सुरक्षा से जुड़ी खुफिया जानकारी लेना चहते हैं। वहीं चीनी सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है।

# ईरान पर हमले के बाद इजराइल बोला- हमारे विमान सुरक्षित लौटे, मध्यपूर्व में बढ़ा खतरा



**दुबई, एजेंसी।** इजराइल के ईरान पर हमले ने पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है. यह पहली बार है कि इजराइल ने खुलेआम ईरान पर हमला किया है. ईरान पर 1980 के बाद किसी भी देश ने सीधा हमला नहीं किया है. इजराइल ने देर रात हमला शुरू किया और सूर्योदय होने से ठीक पहले इसे रोक दिया. इजराइली सेना ने कहा कि उसके सभी विमान सुरक्षित लौट चुके हैं. सेना ने कहा कि उसने उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां पर ईरान मिसाइल निर्माण कर रहा है, और इन्हीं मिसाइलों से ईरान ने इजराइल पर हमला किया था. इजराइली सेना ने बताया कि उसने ईरानी हवाई क्षमता पर भी आक्रमण किया. इस हमले से पहले ऐसा माना जा रहा था कि इजराइल ईरान की परमाणु क्षमता पर हमला कर सकता है. हालांकि, इजराइल ने अमेरिका को आश्वासन दिया था कि वह परमाणु सुविधाओं और तेल प्रतिष्ठानों पर हमले नहीं करेगा. यहां आपको बता दें कि ईरान ने एक अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था. उसने 180 से अधिक मिसाइल छोड़े थे. ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री आवास पर भी हमला किया था. इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल ने कहा, ईरान सात अक्टूबर से लगातार इजराइल पर हमला कर रहा है, जिसमें ईरानी धरती से सीधे हमले भी शामिल हैं. इसलिए दुनिया के हर दूसरे संप्रभु देश की तरह, इजराइल को भी जवाब देने का अधिकार है और यह उसका अपने देश के प्रति कर्तव्य भी है. हालांकि, इस हमले के बाद अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है कि वह आगे और हमले न करे.

**क्या कहा ईरान ने :** ईरान की सरकारी मीडिया ने इन धमाकों की पुष्टि की है. हालांकि, उसने कहा कि इससे उसे बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचा है. धमाकों की आवाज ईरान में भी सुनाई दे रही थी. एयर डिफेंस सिस्टम पर हमले की कोशिश की गई है. ईरान की सेना ने कहा कि हमलों में इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है और इससे बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है.

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले की खबर के तुरंत बाद सामान्य खबरें दिखाई जाने लगीं. एपी न्यूज एजेंसी ने बताया है कि एक स्थानीय नागरिक ने सात विस्फोट सुने जाने को लेकर जानकारी दी है. सरफेस टू एयर मिसाइलों को स्पॉट किया गया. शहर में कई जगहों पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखी गईं. ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं. क्या कहा अमेरिका ने अमेरिका चाहता है कि इस युद्ध का दायरा और अधिक न बढ़े. अमेरिका राष्ट्रपति को पल-पल की सूचना दी जा रही है. मेजर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार देर रात कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने ईरान में सैन्य ठिकानों पर इजराइल के हमलों के बारे में अपने इजराइली समकक्ष योव गैलेंट से बात की. अमेरिका इस बात का पक्षधर है कि इजराइल को सेल्फ डिफेंस का अधिकार है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने की जरूरत नहीं है.

**क्या है पृष्ठभूमि :** पिछले साल सात अक्टूबर को हमास और अन्य आतंकवादियों ने इजराइल पर हमला किया था. इस हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था. इसके जवाब में इजराइल ने हमास के खिलाफ कार्रवाई शुरू की. कई हमले किए. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक सारे बंधकों को छुड़ा नहीं लिया जाता है, तब तक हमले जारी रहेंगे. लोकल हेल्थ अधिकारियों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 42 हजार पिलिस्तीनी मारे गए हैं. और मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं. इजराइल के उत्तर में लेबनान है. दक्षिणी लेबनान से हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हमला किया था. इजराइल ने हिजबुल्लाह के वरिष्ठ कमांडरों को मार गिराया. हिजबुल्लाह को ईरान का समर्थन प्राप्त है. ईरान में 1979 को इस्लामिक क्रांति आई थी. इसके बाद से ईरान और इजराइल एक दूसरे के कट्टर दुश्मन बने हुए हैं. ईरान तभी से इजराइल के खिलाफ कई आतंकवादी समूहों का साथ देता रहा है।

### ईरान पर हमले के बाद अमेरिका ने ठोकी इजरायल की पीठ, नसीहत भी दी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए और उसने कहा कि अन्य सहयोगी देश भी इससे सहमत हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने शुक्रवार को पूरे दिन अभियान के बारे में जानकारी दी। वाइट हाउस के नियमों के अनुसार नाम न उजागर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजराइली अभियान ''व्यापक, सटीक और लक्षित'' था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इस हमले में कोई संलिप्तता नहीं है। अमेरिका ने इजरायल की पीठ ठोकते हुए कहा है कि यहूदी देश ने बदला भी ले लिया और किसी परमाणु ठिकाने को निशाना भी नहीं बनाया है। बता दें कि शनिवार की सुबह ही इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया। इजरायल के इस मिसाइल अटैक को ईरान विफल नहीं कर पाया। ईरानी सेना ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि कुछ मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया। हालांकि इजरायल का कहना है कि उसने तेहरान में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और उससे ईरान को नुकसान हुआ है। इजरायल ने कहा कि महीने भर से ईरान उसपर बलिस्टिक मिसाइल से अटैक कर रहा था। ऐसे में यह केवल जवाब भर दिया गया है। बता दें कि तेहरान में हमास चीफ की हत्या के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है और लगातार इजरायल पर हमले की धमकी दे रहा है। वहीं लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ की हत्या के बाद ईरान ने हमले भी शुरू कर दिए। पहले से ही आशंका थी कि इजरायल ईरान पर हमले कर सकताहै।



### मलेशिया में बस-ट्रक की टक्कर में एक जापानी पर्यटक की मौत, 12 घायल

**कुआला लुम्पुर, एजेंसी।** मलेशिया में जापानी पर्यटकों को लेकर जा रही एक बस ट्रक से टकरा गई, जिससे एक पर्यटक की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी जापान की एक प्रमुख ट्रैवल एजेंसी जेटीबी कॉर्प ने शुक्रवार को दी।

यह हादसा बृहस्पतिवार को मध्य मलेशिया के पेरक प्रांत में हुआ, जब बस पेनांग से लोकप्रिय पर्यटन स्थल कैमरुन हाईलैंड की ओर जा रही थी, जो अपने चाय बागानों के लिए जाना जाता है। जेटीबी के अध्यक्ष और सीईओ ईजीरो यामाकिता ने टोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हादसे में एक 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

मलेशिया के दमकल एवं बचाव विभाग ने कहा कि बस में जापान के तीन पुरुष और आठ महिलाएं शामिल थीं। सभी वरिष्ठ नागरिक थे। बस चालक और एक स्थानीय टूर गाइड भी बस में मौजूद थे। सभी 13 पीड़ितों को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला गया और दुर्घटनास्थल पर प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल ले जाया गया। यामाकिता ने कहा कि कुछ पीड़ित गंभीर रूप से घायल हुए हैं, लेकिन उनकी वास्तविक स्थिति अभी ज्ञात नहीं हो पाई है। दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

# ईरान पर हमले के बाद बोला इजरायल- बदला पूरा हुआ, अपनी आत्मरक्षा में कदम उठाए





**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायली सेना ने शनिवार को ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना के मुताबिक यह हमला एक अक्टूबर को ईरानी मिसाइलों के हमले का बदला लेने के लिए किया गया है। इजरायल ने कहा है कि सभी संप्रभु देशों की तरह उसे भी अधिकार है वह अपनी आत्मरक्षा में कदम उठाए। उसने यह भी कहा है कि उसका मिशन पूरा हुआ। ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। वहीं, ईराक ने भी अपनी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इन हमलों ने दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पूर्ण युद्ध का खतरा और बढ़ा दिया है। बता दें कि पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह-गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह-पहले से ही इजरायल के साथ युद्धरत हैं। गौरतलब है कि ईरान ने पहले ही कहा है कि अगर उसके ऊपर हमला हुआ वह भी चुप नहीं बैठेगा। वहीं, अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज के मुताबिक हमले से कुछ ही देर पहले व्हाइट हाउस को इसकी जानकारी मिली थी।

यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकेन समझौते और मिडिल ईस्ट में शांति के मकसद से इजरायल पहुंचे हुए हैं। इजरायल ने शनिवार सुबह सीरिया पर भी बम बरसाए, जिसके धमाके दमिश्क में सुनाई दिए। सितंबर अंत से इजरायल सीरिया और लेबनान के खिलाफ अभियान चला रहा है। उसके मुताबिक वह हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऐसा कर रहा है। इस बीच शुक्रवार को पत्रकारों के परिसर पर हमले के लिए इजरायल की आलोचना भी हो रही है। दक्षिण पूर्व लेबनान में हुए इस हमले में तीन पत्रकार मारे गए थे। अगली नोटिस तक ईरान-इराक की फ्लाइट्स कैंसिल इजरायल के हमले के बाद ईरान ने बड़ा कदम उठाया है। ईरान के नागरिक उड्डयन संस्था के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान में सभी रूट्स की फ्लाइट्स को अगली सूचना तक बंद कर दिया है। वहीं, इराक ने भी फ्लाइट्स का संचालन बंद कर दिया है। इराक ने यह फैसला ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के इलाकों में इजरायली हवाई हमलों के बाद लिया। इस बीच ईरान-इराक के एक गुट ने इजरायल पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। समाचार एजेंसी एएफपी ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, अर्धसरकारी समाचार एजेंसी तंसीम के मुताबिक ईरान भी इजरायल पर जवाबी हमले के लिए तैयार है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहाकि इस बारे में कोई शक नहीं है कि इजरायल को इस हमले का खामियाजा भुगतना होगा। वहीं, अमेरिका ने इजरायल के हमलों में खुद के शामिल होने की बात खारिज की है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बीबीसी को बताया कि ईरान पर हुए इजरायल के ताजा हमले में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायली ठिकानों पर लगभग 180 मिसाइलें दागीं।

# दक्षिण कोरिया में बढ़ रहे हैं लम्पी स्किन डिजीज के मामले



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस साल कुल मामलों की संख्या 14 हो गई है। कृषि मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। नया मामला मंकयोंग के एक पशु फार्म में पाया गया, जो सियोल से करीब 140 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। मंत्रालय ने इस फार्म और उसके आसपास के छह क्षेत्रों में सभी जुड़े लोगों और वाहनों के लिए 24 घंटे का प्रतिबंध लागू किया है।

शुक्रवार को भी दक्षिण कोरिया में तीन और मामले सामने आए थे। सरकार ने कहा कि इस बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सभी उपलब्ध सैनिटाइजेशन वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। एलएसडी एक संक्रामक बीमारी है जो गायों और भैंसों में त्वचा पर दाने, बुखार, भूख कम होना और दूध उत्पादन में गिरावट जैसे लक्षण पैदा करती है। गंभीर मामलों में इससे मौत भी हो सकती है। यह बीमारी मच्छरों और अन्य खून चूसने वाले कीड़ों से फैलती है। इसके अलावा, राजधानी सियोल से पूर्व में 118 किलोमीटर दूर इनजे और दक्षिण में 80 किलोमीटर दूर डांगजिन में भी एलएसडी के अलग-अलग मामले पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावित फार्म को सील कर दिया गया है और क्वारंटीन उपाय लागू किए गए हैं। कृषि मंत्रालय ने सभी प्रांतों को सतर्क रहने और इस महीने के अंत तक सभी गायों का टीकाकरण पूरा करने का निर्देश दिया है। दक्षिण कोरिया में इस साल अगस्त में एलएसडी का पहला मामला सामने आया था, जो सियोल से 65 किलोमीटर दक्षिण में अंसियोंग के एक फार्म में पाया गया, जहां 80 गायें थीं। पिछले साल नवंबर के बाद यह पहली बार था जब दक्षिण कोरिया में एलएसडी का मामला पाया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वे 2025 तक एक ऐसा जेनेटिक डायग्नोस्टिक किट विकसित करने की योजना बना रहे हैं जिससे संक्रमित गायों की पहचान कर, पूरे झुंड को नष्ट करने की बजाय केवल बीमार जानवरों को अलग किया जा सके।

### ईरान का दावा- इस्राइली हमला नाकाम किया, अमेरिका ने तेहरान को दी चेतावनी

**तेहरान, एजेंसी।** इस्राइल के हवाई हमले के बाद ईरान ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइली हमले को नाकाम कर दिया। ईरान ने कहा कि कई मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया। जो मिसाइलें और रॉकेट गिरे हैं, उनसे बेहद कम नुकसान हुआ है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने कहा कि हवा में ही इस्राइल की मिसाइलों को तबाह कर दिया गया। वहीं अमेरिका ने जवाबी हमले के लिए ईरान को चेताया है। साथ ही दोनों देशों को एक दूसरे पर सैन्य हमले बंद करने की सलाह दी है।

**ईरान का दावा- इस्राइली हमला नाकाम किया :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की राजधानी तेहरान में धमाके की छह आवाजें सुनी गईं। हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तेहरान में तीन जगहों पर हमले को नाकाम कर दिया। ईरान ने इस्राइल पर जवाबी हमले की धमकी भी दी है। इससे पहले इस्राइली सेना ने बयान जारी कर ईरान पर हवाई हमले की जानकारी दी। इस्राइली सेना ने कहा कि ईरान के सैन्य ठिकानों पर पूरी सटीकता से हमले किए गए। इस्राइल ने ईरान के साथ ही सीरिया में भी ईरान समर्थित ठिकानों पर हमले किए। इस्राइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा संदेश साफ है कि अगर कोई भी इस्राइल को डराने-धमकाने की कोशिश करेगा तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने आज इसका नमूना दिखा दिया है। हम इस्राइल और इसके लोगों की सुरक्षा के लिए रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरीकों से तैयार हैं। इस्राइली सेना ने ईरान को जवाबी हमले को लेकर भी चेतावनी दी है।

**सऊदी अरब ने की इस्राइली हमले की आलोचना :** इस्राइल के ईरान पर हमले की सऊदी अरब ने आलोचना की है और इसे ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे संघर्ष को खत्म कराने के लिए एकजुट होकर कार्रवाई करें। वहीं हमले के बाद इस्राइल ने अपना हवाई क्षेत्र एहतियातन बंद करने का फैसला किया है। ईरान ने भी हमले के तुरंत बाद अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था और सभी उड़ानों को रद्द कर दिया था, लेकिन अब ईरान ने अपनी उड़ान सेवाओं को फिर से चालू करने का फैसला किया है।

**अमेरिका ने ईरान को चेतावनी :** वहीं अमेरिका भी इस्राइल के समर्थन में आ गया है और उसने ईरान को जवाबी हमले को लेकर चेतावनी दी है। अमेरिका ने कहा कि ईरान पर इजराइल के हमलों के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद हो जाने चाहिए, उसने तेहरान को चेतावनी दी कि वह इजराइल के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई न करे। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस्राइल ने ईरान पर हमले से पहले ही व्हाइट हाउस को इसके बारे में जानकारी दे दी थी।

# जेलेंस्की का दावा- जंग में रूस उतारेगा नॉर्थ कोरियाई सैनिक:इसी हफ्ते होगी तैनाती; पश्चिमी देश बोले- इससे जंग भड़केगी

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि रूस अब जंग में नॉर्थ कोरिया के सैनिकों को उतारने की तैयारी में हैं। इन सैनिकों को इसी हफ्ते तैनात किया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिमी देशों ने इस कदम से जंग के भड़कने और इसका असर दूसरे क्षेत्रों खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में होने की बात कही है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों ने जो जानकारी जुटाई है उसके मुताबिक नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रविवार से सोमवार के बीच जंग में भेजा जाएगा। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया ने रूस को 12 हजार सैनिक भेजे हैं। इनमें 500 अधिकारी और 3 जनरल शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने दावा किया था कि रूस में पहले से ही 3 हजार नॉर्थ कोरियाई सैनिक तैनात हैं। दावे के मुताबिक इन सैनिकों ने रूस के पूर्वी हिस्से में मौजूद सैन्य ठिकानों पर ट्रेनिंग दी गई है। साउथ कोरिया बोला- नॉर्थ कोरिया ने पिछले हफ्ते 1500 सैनिक भेजे पिछले हफ्ते 18 अक्टूबर को साउथ कोरिया ने भी दावा किया था कि नॉर्थ कोरिया ने यूक्रेन जंग में रूस की मदद के लिए सैनिक भेजे हैं। साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विसर (एनआईएस) ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि 8 से 13 अक्टूबर के बीच नॉर्थ कोरिया के 1500 सैनिक, रूसी नौसेना के जहाजों से रूस के व्लादिवोस्तोक बंदरगाह पर पहुंचे है। ये सभी सैनिक नॉर्थ कोरिया की स्पेशल मिशन फोर्सेस का हिस्सा हैं। एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया जल्द ही कुछ और सैनिकों को रूस भेजेगा। एनआईएस ने कहा कि इन नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना की वर्दी, हथियार और



नकली पहचान पत्र दिए गए हैं। इन्हें तैनात करने से पहले रूसी माहौल में ढलने की ट्रेनिंग दी जा रही है। ये सभी सैनिक रूस के व्लादिवोस्तोक उस्सुरिस्क, खाबरोवस्क और ब्लागोवेशचेंस्क मिलिट्री बेस पर रह रहे हैं।

### अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के बाद लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री अस्पताल में भर्ती

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ महीने तक रहने के बाद लौटे नासा के एक अंतरिक्ष यात्री को अज्ञात चिकित्सा समस्या के कारण अस्पताल ले जाया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन अंतरिक्ष यात्रियों का अंतरिक्ष प्रवास बोइंग के कैप्सूल की खराबी और तूफान मिल्टन के कारण बढ़ गया था। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद 'स्पेस एक्स' के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे। अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अंतरिक्ष यात्री की हालत स्थिर है और उसे एहतियाती उपाय के तौर पर अस्पताल में रखा गया है। अन्य अंतरिक्ष यात्री ह्यूस्टन लौट गये हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 27 अक्टूबर 2024 | 8




उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने झलबदरी आश्रम रीवा पहुंचकर श्री सनकादिक महाराज के दर्शन कर उनसे आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने झलबदरी धाम में आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

### उप मुयमंत्री श्री राजेन्द्र शुल का लालगांव में किया गया नागरिक अभिनंदन

# विन्ध्य की जनता अभिनंदनीय है : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा एवं विन्ध्य की जनता विकास के साथ है। लालगांव की ऐतिहासिक भूमि में मैं आपका अभिनंदन करने आया हूँ। यहां जो अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है वह मेरे लिए नहीं वरन जनता जनार्दन के अभिनंदन के लिए आयोजित समारोह है। श्री शुक्ल ने कहा कि आपके द्वारा बनायी गयी सरकार आपके सर्वांगीण कल्याण के लिए पूरे मनोयोग से कार्य कर रही है। श्री शुक्ल का लालगांव में गजमाला से स्वागत करते हुए अभिनंदन पत्र सौंप कर सम्मान किया गया।

स्व. रूकमणि रमणप्रताप सिंह सीएम राइज स्कूल प्रांगण में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा जिले में बाणसागर की नहरों से सिंचाई के संसाधन उपलब्ध हो जाने से धरती से दौलत पैदा होने लगी है। आने वाले समय में जिले की एक-एक इंच भूमि सिंचित हो जायेगी और 9 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेंगी। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले गांव अंधेरे में डूबे रहते थे, सड़के नहीं थी तथा सिंचाई की सुविधायें भी नहीं थीं। 2003 के बाद प्रदेश के साथ-साथ विन्ध्य अंचल में भी विकास के पंख लग गये और हमारा जिला व विन्ध्य विकसित क्षेत्र के तौर पर जाना जाने लगा। श्री शुक्ल ने कहा कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र के हिनौती गौधाम में गौअभयारण्य में 75 लाख के कार्यों के टेण्डर हो चुके हैं। आने वाले समय में 20 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत कराकर इसका पूर्ण रूप से विकास किया जायेगा। अभयारण्य में लगभग 300 एकड़ राजस्व भूमि है तथा इससे लगे क्षेत्र में एक हजार एकड़ में वृक्ष लगाकर गौवंश के लिए अनुकूल स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायेगी। इस गौअभयारण्य को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा जो 25 हजार से अधिक गौवंशों का आश्रय स्थल होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले एक वर्ष में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रदेश को स्वास्थ्य के मापदण्ड में देश का अव्वल प्रदेश बनाया जायेगा। श्री शुक्ल ने मनगवां विधायक द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों को पूर्ण कराये जाने का आश्वसन दिया।

इससे पूर्व विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को मनगवां विधानसभा में विकास व जनकल्याणकारी कार्यों के लिए साधुवाद दिया तथा क्षेत्र की विभिन्न मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाये जाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की तथा रीवा व विन्ध्य के अनेक विकासात्मक कार्यों के लिए श्री शुक्ल को साधुवाद दिया।

कार्यक्रम के आयोजक धीरेन्द्र तिवारी धीरू ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि यह अभिनंदन समारोह उप मुख्यमंत्री के सम्मान में गंगेव, लालगांव व आसपास के लोगों की मनोभावना को ध्यान में रखकर किया गया है। कार्यक्रम को अमित तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम रीवा व्यंकटेश पाण्डेय, अध्यक्ष जनपद गंगेव विकास तिवारी, जिला पंचायत सदस्य नंदिनी तिवारी, सुनील पाण्डेय, शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में लालगांव व आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवेश तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुनील पाण्डेय द्वारा किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लालगांव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### उप मुयमंत्री श्री शुल सैनिक स्कूल में इंटरहाउस चैंपियनशिप के ध्वजारोहण समारोह में हुए शामिल



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल आज प्रातः सैनिक स्कूल रीवा में इंटरहाउस क्रास कंट्री चैम्पियनशिप 2024 के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं स्वयं भी ऊर्जावान महसूस कर रहा हूँ। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के सौहार्दपूर्ण आमंत्रण पर मुझे यहां आने का सौभाग्य मिला। यहां आकर मैं गौरवान्वित एवं ऊर्जा से भरा हुआ महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने छात्रों को चैम्पियनशिप में सफल होने की शुभकामना दी।

## शहर में एक बार फिर से ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन आज

**रीवा।** नगर निगम द्वारा शहर में कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए ओपन माइक कार्यक्रम की सफलता एवं नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद, इसे फिर से 27 अक्टूबर 2024 को अटल पार्क में सायं 06.30 बजे आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के मार्गदर्शन में यह अनूठी पहल स्थानीय कलाकारों और संगीतकारों को एक मंच प्रदान करती है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। पिछले आयोजन में हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवोदित कलाकारों ने अपनी कला और संगीत के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयुक्त ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन मौका प्रदान करते हैं। इस बार का कार्यक्रम भी विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन, जैसे, संगीत, कविता, गायन आदि कला से भरा होगा। कलाकारों के लिए यह एक अच्छा अवसर है, जहां वे अपनी कला को प्रस्तुत कर सकते हैं। आगामी कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक कलाकार निगम सोशल मीडिया पेज के द्वारा पंजीकरण कर सकते है। नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य न केवल कला को बढ़ावा देना है, बल्कि शहर में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना भी है।

## महिला की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**रीवा।** प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं लोक अभियोजक श्रीमती शशि तिवारी ने बताया कि द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विक्रम सिंह की अदालत ने एक महिला की हत्या करने के आरोप में संदीप शुक्ला पिता रामानुज शुक्ला उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भनिगवां थाना जवा जिला रीवा हाल निवासी अनन्तपुर थाना विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। तथा एक अन्य आरोपी कमल दुवे पिता महेश प्रसाद दुवे उम्र 28 वर्ष निवासी भड़रा थाना अंतरैला जिला रीवा (म.प्र.) हाल निवासी अनन्तपुर थाना विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.) को तीन वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## संयुक्त अधिकारी कर्मचारी मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**रीवा।** संयुक्त अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में रीवा जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्षों की बैठक का आयोजन मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कर्मचारी संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जिलाध्यक्षों को उनके संगठनों की सदस्य संख्या को अधिकतम करने, सभी कर्मचारी संगठनों के अपने विभाग में परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करवाने, शासन से केन्द्र के अनुरूप मंहगाई-भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान, अतिथि विद्वानों एवं अस्थाई कर्मियों के नियतीकरण, मोर्चे की हर त्रैमास में बैठक आयोजित करने संबंधी निर्णय तथा कलेक्टर की अध्यक्षता में नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध रणनीति तय की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यवाहक प्रान्ताध्यक्ष लिपिक वर्ग संतोष तिवारी, संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ के के.सी.त्रिपाठी, कर्मचारी कांग्रेस के नरेन्द्र पाण्डेय, लिपिक वर्ग से नागेश पाण्डेय, म.प्र.डिप्लोमा इंजीनियर संघ के आर.पी.शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ से सुरेश दुवे, आउटसोर्स से विपिन पाण्डेय, अतिथि विद्वान संघ के पुष्पराज सिंह, आंगनवाड़ी संघ से सुनीता मिश्रा, वाहन चालक संघ से जगदीश यादव, समयपाल कर्मचारी संघ के रामजी शर्मा, स्थाईकर्मी संघ के जयप्रकाश तिवारी आदि उपस्थ्ति रहे।

## पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज में युवा उत्सव का समापन



**रीवा।** शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज के करहिया परिसर में तीन दिवसीय अन्तर-कक्षा महाविद्यालयीन स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 24 अक्टूबर को मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक गणेश वंदना की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी ने की।उन्होंने कहा- युवा इस मंच के माध्यम से सृजनात्मक और ऊर्जा का विकास करेंगे। वहीं युवा उत्सव कार्यक्रम संयोजक डॉ राकेश तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को युवा उत्सव के बारे में बताते हुए आगामी तीन दिवसों तक चलने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा के बारें में अवगत कराया,साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि युवा उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ऐसा सामूहिक अवसर एवं मंच प्रदान करना है। जो अपनी संगीत,कलात्मक,रूपांकन,रंग मंचीय एवं साहित्यिक क्षमता व प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे।युवा उत्सव के प्रथम दिवस में रंगोली, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकांकी नाटक, मूक अभिनय, हास्य नाटिका, मिमिक्री और प्रश्न मंच जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन एकल गायन की विभिन्न प्रतियोगिताऐं, समूह गायन,चित्रकला,कोलाज़ , पोस्टर निर्माण,व्यंग्य चित्र निर्माण और मूर्ति शिल्प सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित हुई।युवा उत्सव का समापन 24 तारीख को पुरुस्कार वितरण के साथ होगा। युवा उत्सव में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिलास्तर भाग लेने का मौका मिलेगा।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बीएन त्रिपाठी, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा शुक्ला,मंचासीन थे। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी कला,संस्कृति और व्यक्तित्व को संवारने का बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की ओर पहला कदम हैं। इस उत्सव में प्रतिभागियों ने जिस उत्साह और समर्पण से हिस्सा लिया है, वह हमारे महाविद्यालय का गौरव बढ़ाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के प्रभारी तथा महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## डॉ मीनाक्षी मिश्रा बनी बाल कल्याण समिति रीवा की अध्यक्ष

**रीवा।** राज्य शासन द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधन 2021) की धारा 27 की उपधारा (1) तथा (2) किशोर न्याय नियम 2022 (नियम 2016) का नियम 88(10) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के द्वारा अधिसूचना जारी कर रीवा जिले के लिए डॉ मीनाक्षी मिश्रा को बाल कल्याण समिति रीवा के अध्यक्ष के रूप में पदांकित किया गया है। जारी अधिसूचना अनुसार अनिल कुमार अग्निहोत्री, श्रीमती प्रवीण मिश्रा, श्रीमती विभा द्विवेदी एवं सुश्री आरती शर्मा समिति की सदस्य होंगी। उक्त पदांकन तीन वर्षों के लिए किया गया है।

## डॉ. एच.एन. गौतम को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**रीवा।** शा. विज्ञान महाविद्यालय रीवा के सांख्यिकीय विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरिनारायण गौतम का विदाई समारोह कार्यक्रम महाविद्यालय के नवीन सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक एवं प्राचार्य सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ द्वारा डॉ. गौतम का शाल श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. गौतम महाविद्यालय में दो अगस्त सन 1984 में पदस्थ हुये तब से लेकर सेवानिवृत्त होने तक इसी महाविद्यालय में अपनी सेवायें दी। सन 1988 में डॉ. गौतम को साख्यिकी विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया इसके पूर्व छात्रों की संख्या 25 से 30 हुआ करती थी परंतु विभागाध्यक्ष बनने के बाद छात्रों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई और संख्या 400 से 500 तक हो गई और निरंतर विकास का दौर जारी रहा। अध्यापन के अतिरिक्त डॉ. गौतम विगत 20 वर्षों से महाविद्यालय में मुख्य अनुशासन अधिकारी के रूप में अपनी सेवायें दे रहे थे। साथ ही वर्ष 1988 में ही एनसीसी में ऑफिसर के रूप में कार्य किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट के साथ स्वयं शहर में आई विभिन्न आपदाओं में भी सक्रिय होकर सहयोग प्रदान करते रहे। एनसीसी में रहते हुये विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के कैंपों में भी भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया और वर्ष 2019 में मेजर के पद से सेवानिवृत्त हो गये। वर्ष 2012 में डॉ. गौतम को प्राध्यापक के साथ-साथ शासकीय महाविद्यालय देवतालाब का भी अतिरिक्त प्रभार देते हुये प्राचार्य का दायित्व सौपा गया तब से लेकर अब तक पदस्थ रहकर अपनी सेवायें महाविद्यालय को दीं। विदाई समारोह में डॉ. भारतेन्दु मिश्र ने स्वागत भाषण करते हुये डॉ. गौतम का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया। पूर्व प्राचार्य डॉ. वाई.वी. शुक्ला ने अपने वक्तव्य में डॉ. गौतम के सहयोग एवं ईमानदारी की भरपूर सराहना की तथा स्टैटिक्स के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की इसी तारतम्य में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा कि डॉ. गौतम बात के धनी थे. झूठ नहीं बोलते थे और अपने कर्तव्य निर्वाहन के प्रति सजग रहते थे।

### पति के सामने पत्नी से गैंगरेप की कहानी दहला देगी

# पांच ने दरिंदगी की, कहा- ये हमारा रोज का काम



**रीवा।** मध्य प्रदेश में दुष्कर्म और गैंगरेप के दिल दहला देने वाले मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। रीवा जिले से भी अब ऐसा ही एक मामला सामने आया है। 21 अक्तूबर को शहर के गुढ़ थाना क्षेत्र की पहाड़ी पर आठ बदमाशों ने दरिंदगी की हद पार कर दी। इन बदमाशों ने पति के साथ घूमने आई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बदमाशों ने पति के साथ मारपीट की और उसे पेड़ से बांध दिया। इसके बाद उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने पति और पत्नी के वीडियो भी बना लिए। करीब एक घंटे तक पीड़ित दंपति आरोपियों के चंगुल में रहे। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह रही है कि 21 अक्तूबर को हुई इस दरिंदगी की घटना को पुलिस छिपाए रही, ताकि 23 अक्तूबर को रीवा में होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में खलल न पड़े। अब पुलिस ने दंपति के साथ दरिंदगी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार रीवा में दरिंदगी का शिकार हुए दंपति की छह महीने पहले ही शादी हुई थी। इससे पहले दोनों कॉलेज में साथ पढ़ते थे। 21 अक्तूबर को दोनों पति-पत्नी घर से पिकनिक मनाने के लिए हंसी-खुशी निकले और भैरव बाबा पहाड़ी पर पहुंचे। जहां, दोनों भैरव बाबा मंदिर से कुछ दूरी पर एक चट्टान के पीछे जाकर बैठ गए। कुछ देर बाद दंपति से कुछ दूरी पर बैठकर पार्टी कर रहे पांच युवकों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने युवक को पकड़कर उसके साथ मारपीट शुरू की और धमकाने लगे।

इनमें से कुछ लोग उसकी पत्नी को पकड़कर दूसरी तरफ ले गए और उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान दो आरोपियों ने युवक के सामने ही उसकी पत्नी के साथ गैंगरेप किया। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीटा और उसके वीडियो बनाकर धमकाने लगे। एक घंटे तक दंपति आरोपियों की दरिंदगी का शिकार होता रहा है। इस दौरान महिला के साथ पांच बदमाशों ने गैंगरेप किया। किसी तहर पीड़ित दंपति आरोपियों के चंगुल से छूटा और डरी सहमी हालत में घर चला गया। हिम्मत जुटाकर अगले दिन 22 अक्तूबर को दंपति गुढ़ थाने पहुंचे और अपने साथ हुई दरिंदगी की आपबीती पुलिस को सुनाई। शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। एक महिला के साथ उसके पति के सामने पांच लोगों ने दुष्कर्म किया। लेकिन, पुलिस ने इस मामले में सिर्फ इसलिए पर्दा डाले रखा, क्योंकि 23 अक्टूबर को शहर में रीजनल कॉन्क्लेव होना था। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत कई मंत्री और देश के उद्योगपतियों को आना था। ऐसे में अपनी साख बचाने के लिए पुलिस दो दिन तक इस मामले को छिपाए रही।

पुलिस ने गैंगरेप की दिलदहला देने वाली घटना में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से पांच आरोपियों ने महिला के साथ दरिंदगी की थी, जबकि तीन अन्य आरोपियों ने उसका सहयोग किया था। पकड़े गए आरोपियों में सुशील कोरी, रावेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र कोरी, दीपक कोरी, गरूड कोरी, लवकुश कोरी, रामकिशन कोरी और रजनीश कोरी शामिल हैं। पुलिस आरोपियों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है।

### शराब पी, लिट्टी चोखा खाया, फिर की दरिंदगी

शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 21 अक्तूबर को हम लोग पहाड़ी पर पार्टी कर थे। हमें शराब पी, गांजा पिया और लिट्टी चोखा बनाकर खाया। इस बीच बाइक सवार लड़का-लड़की वहां आए और एक चट्टान के पीछे जाकर बैठ गए। इसके बाद हमने लड़के के साथ मारपीट की और लड़की के साथ गलत काम किया। करीब एक घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पीड़ित महिला के पति ने कहा कि हमारी शादी को छह महीने भी नहीं हुए हैं। 21 अक्तूबर को हम लोग एक चट्टान पर बैठकर बात कर रहे थे। इस दौरान अचानक से आरोपियों ने हमें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। उन दरिंदों ने मेरे सामने पत्नी से दुष्कर्म किया और मैं कुछ नहीं कर पाया। सिर्फ लाचार होकर देखता रहा, इससे अच्छा होता कि मैं मर ही जाता।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833